E-PAPER

# थिंक राजस्थान

जयपुर
30 सितंबर, 2026
बुधवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 77 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

## ब्रीफ न्यूज

### 'इंडियाज बेस्ट सुपर मॉडल' सीजन-5 की विजेता बनीं गुंजन

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर की 20 वर्षीय प्रतिभा गुंजन शेखावत ने 'इंडियाज टैलेंट फाइट—द बिगेस्ट टीवी रियलिटी शो' के चैप्टर-7 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'इंडियाज बेस्ट सुपरमॉडल' सीजन-5 का विजेता खिताब अपने नाम किया है। जयपुर निवासी गुंजन शेखावत मॉडलिंग और सौंदर्य प्रतियोगिताओं के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। वह वर्तमान में एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान से बीबीए एलएलबी (ऑनर्स) की पढ़ाई कर रही हैं। साथ ही मॉडलिंग, फैशन और विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर भी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

### सरकारी अस्पतालों में 1 अक्टूबर से बदलेगा ओपीडी का समय

थिंक राजस्थान • जयपुर

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल समेत प्रदेश के तमाम सरकारी हॉस्पिटल (पीएचसी, सीएचसी, उप जिला हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल, सैटेलाइट) में 1 अक्टूबर से ओपीडी के समय में बदलाव होगा। आगामी विंटर सीजन (सर्दियों का मौसम) के चलते अब ओपीडी सुबह 8 बजे के बजाए सुबह 9 बजे से शुरू होगी। ये व्यवस्था अगले साल 31 मार्च तक रहेगी। एसएमएस हॉस्पिटल में वर्तमान में ओपीडी सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगी। अब 1 अक्टूबर से ओपीडी समय सुबह 9 से शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक होगा। राजकीय अवकाश पर ओपीडी का समय पहले की तरह यथावत रहेगा, जो सुबह 9 से 11 बजे तक संचालित होगा।

## » अंदर विशेष

▪ झुंझुनूं बीजेपी विधायक का वॉट्सएप हैक, परिचित से रुपए मांगे
...पढ़े पेज 2 पर

▪ सीएम भजनलाल शर्मा का आज जोधपुर आएंगे, करेंगे संवाद
...पढ़े पेज 5 पर

भारत-म्यांमार सीमा के पास मुठभेड़

# असम राइफल्स की टीम पर उग्रवादियों का हमला, एक जवान शहीद, 4 घायल

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास मंगलवार सुबह असम राइफल्स की गश्ती टीम पर संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दिया। हमले में एक जवान की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य जवान घायल हुए हैं। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी और अभियान तेज कर दिया है।

अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 6:30 बजे नामपोंग नाला के पास हुई। यहां 21 असम राइफल्स के जवान उस इलाके में गश्त कर रहे थे, जहां भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का काम चल रहा है। इसी दौरान संदिग्ध उग्रवादियों ने गश्ती दल पर अचानक गोलीबारी कर दी। हमले में 42 वर्षीय हवलदार जांखोकाई कूकी गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। चार अन्य जवान भी घायल हुए हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है।

चांगलांग जिले के नामपोंग नाला में 21 असम राइफल्स के जवान उस इलाके में गश्त कर रहे थे, जहां भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का काम चल रहा है

**घायल जवान अस्पताल में भर्ती**

**इलाके में तलाशी अभियान तेज**

सुरक्षा बल की टीम गश्त करती हुई

### एनआईए का 5 ठिकानों पर छापा

जेएमबी के कथित नेटवर्क और स्लीपर सेल तैयार करने की कोशिश की जांच के सिलसिले में एनआईए ने मंगलवार सुबह बंगाल के पांच ठिकानों पर एक साथ तलाशी ली। ये कार्रवाई असम में दर्ज अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के आधार पर की गई। दक्षिण दिनाजपुर के बंशीहारी, दक्षिण 24 परगना के डायमंड हारबर और पूर्व बर्द्धमान समेत पांच स्थानों पर एनआईए की टीमें पहुंचीं। असम और केरल में भी इसी मामले से संबंधित कार्रवाई की गई।

### चांगलांग जिला संवेदनशील इलाका

*चांगलांग के पुलिस अधीक्षक किर्ली पाडु ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने चांगलांग थाने के प्रभारी अधिकारी को मौके से घटना से जुड़ी जानकारी जुटाने के निर्देश दिए हैं। भारत-म्यांमार सीमा से लगे चांगलांग जिले में पहले भी उग्रवादी संगठनों की गतिविधियां सामने आती रही हैं।*

**एनएससीएन (के-वाईए) पर शक**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमले में एनएससीएन (के-वाईए) से जुड़े उग्रवादियों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अभी तक सुरक्षा एजेंसियों या असम राइफल्स की ओर से हमलावरों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में अभियान तेज कर दिया है और संदिग्ध उग्रवादियों की तलाश की जा रही है।

### प्रतिबंधित संगठन के 6 आरोपी एनआईए की गिरफ्त में

गुवाहाटी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के कथित सहयोगी संगठन इमाम महमुदेर काफिला (आईएमके) से जुड़े मामले में असम के छह लोगों को फिर से गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपित पहले जमानत पर बाहर थे।

पाकिस्तान आतंकवाद को नीति के तौर पर इस्तेमाल कर रहा

## अमेरिका की धरती से ही विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

# आतंकवाद पर हमारी चिंताओं को लेकर ट्रंप प्रशासन गंभीर नहीं, यही समस्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिका को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं को लेकर अमेरिका गंभीर नहीं है और ये ही दोनों देशों के संबंधों में बड़ी बाधा है। जयशंकर ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान को सीमापार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया और अमेरिका द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करने को लेकर नाराजगी भी जाहिर की। जयशंकर अमेरिका दौरे पर हैं और वहां उन्होंने न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में जयशंकर ने बताया कि किन वजहों से भारत और अमेरिका के संबंधों में अभी भी कुछ बेरुखी क्यों है? जयशंकर ने साफ तौर पर कहा कि व्यापारिक जटिलताओं के साथ ही राज्य प्रायोजित आतंकवाद एक ऐसा मुद्दा है, जिसके चलते दोनों देशों के रिश्तों में जटिलता बनी हुई है।

जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि भारत का पड़ोसी देश आतंकवाद को अपनी राज्य नीति के एक औजार की तरह इस्तेमाल करता है और उसका एक लंबा इतिहास रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगलवार को 'एक्स' पर लिखा कि यूएन हाई-लेवल वीक के आखिर में एशिया सोसाइटी में बात करके खुशी हुई। बातचीत के लिए डैनियल आररसेल का शुक्रिया।' इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन की मुख्य बातों भी साझा की।

जयशंकर ने साफ तौर पर कहा कि व्यापारिक जटिलताओं के साथ ही राज्य प्रायोजित आतंकवाद एक ऐसा मुद्दा है, जिसके चलते दोनों देशों के रिश्तों में जटिलता बनी हुई है

**ट्रंप प्रशासन पाक के खिलाफ नहीं कर रहा कार्रवाई**

एशिया सोसाइटी के कार्यक्रम को संबोधित करते एस. जयशंकर

### दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही

एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया एक ज्यादा मल्टीपोलर (बहु-ध्रुवीय) व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, क्योंकि देश बदलते अमेरिका, चीन के साथ उसके संबंधों और व्यापार से जुड़ी पुरानी धारणाओं के बदलने के हिसाब से खुद को ढाल रहे हैं। सरकारें जोखिम कम करने, अपनी साझेदारियों में विविधता लाने और मौजूदा रिश्तों से ज्यादा फायदा उठाने के तरीके खोज रही हैं।

उन्होंने इस प्रक्रिया को ज्यादा प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय माहौल के हिसाब से खुद को ढालने की प्रक्रिया बताया। अमेरिका और चीन के बीच संबंधों पर चर्चा करने के बाद उन्होंने कहा कि बाकी दुनिया अपनी व्यवस्थाएं करने में व्यस्त है।

**कई देश नए साझेदार की तलाश में**

जयशंकर ने कहा कि इस होड़ से बाहर के देश अपने समाधान ढूंढ रहे हैं। वे नए साझेदारों पर विचार कर रहे हैं, मौजूदा रिश्तों को तौल रहे हैं और खुद को रुकावटों से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री ने आज की कूटनीति के केंद्र में एक विरोधाभास का जिक्र किया। गहरी आर्थिक निर्भरता के साथ-साथ जबरदस्त प्रतिस्पर्धा। उन्होंने कहा कि जब कोई देश इस निर्भरता के जरिए बढ़त हासिल करता है, तो दूसरे देश के खिलाफ इसका इस्तेमाल करने का लालच बढ़ता है।

**गठबंधन कमजोर हो रहे हैं**

जयशंकर ने कहा कि गठबंधन कमजोर हो रहे हैं और सबसे ताकतवर देश के अकेले काम करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उन्होंने दुनिया की दो सबसे बड़ी ताकतों के बीच नजदीकी रिश्तों की संभावना भी जताई, साथ ही यह भी कहा कि उनके बीच की प्रतिस्पर्धा इस बात को सीमित करती है कि वे बाकी दुनिया के लिए किन चीजों पर सहमत हो सकते हैं।

**भारत के लिए सुरक्षा सबसे अहम**

जयशंकर ने पूरी गंभीरता से कहा कि भारत के लिए सुरक्षा सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि अगर कोई चीज हमारे लिए बेहद मायने रखती है और कोई सहयोगी देश हमारी उन चिंताओं के प्रति सहानुभूति नहीं रखता है तो इससे यकीनन समस्या पैदा होगी और संबंधों पर असर पड़ेगा। अगर हमारा सहयोगी अगर हमारी चिंताओं को नहीं समझता तो स्पष्ट तौर पर इसका असर दोनों देशों के संबंधों पर पड़ेगा। बता दें, भारत लंबे समय से पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा विभिन्न वैश्विक मंचों पर उठाता आया है, लेकिन अभी तक पाकिस्तान के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। खासकर ट्रंप प्रशासन ने तो पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर जवाबदेह ठहराने से भी परहेज किया है।

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की दो टूक

# भारत की अखंडता पर तुर्किये को बोलने का अधिकार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते दिनों न्यूयॉर्क में संपन्न हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर अपनी आदत से मजबूर तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन द्वारा की गई टिप्पणी को भारत ने जोरदार अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता से जुड़ा एक विषय है। ऐसे में इस पर तुर्किये के राष्ट्रपति या किसी बाहरी तीसरे पक्ष को कुछ भी बोलने को कोई अधिकार नहीं है। लद्दाख समेत यह समूचा केंद्रशासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान की भारत यात्रा को लेकर फिलहाल कोई जानकारी होने से इंकार कर दिया। लेकिन दोनों देशों के बीच गंगा नदी को लेकर किए गए जल बंटवारे समझौते के नवीनीकरण को लेकर कहा कि इस संबंध में भारत और बांग्लादेश के बीच संयुक्त आयोग मौजूद है।

रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

### फारस की खाड़ी में फंसे 4,500 नाविक

रणधीर ने बताया, इस वक्त फारस की खाड़ी के इलाके में भारतीय ध्वज वाले 6 व्यापारिक जहाज मौजूद हैं। इसके अलावा समान संख्या में कुछ विदेशी जहाजों की भी इसी समुद्री मार्ग पर मौजूदगी बनी हुई है। यह वो जहाज हैं, जो विदेशी ध्वज लगे हुए हैं। लेकिन इनमें लदा हुआ सामान भारत की ओर ही संचालित हो रहा है। इस दृष्टिकोण से फारस की खाड़ी में अभी कुल करीब एक दर्जन जहाज भारत से जुड़े हुए हैं। जिन पर 163 नाविक सवार हैं। इतना ही खाड़ी क्षेत्र में विभिन्न जहाजों पर भारतीय नाविकों की कुल संख्या की बात करें। तो यह 4 हजार 500 के करीब बनी हुई है। केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय नाविकों से जुड़ी हुई हर छोटी बड़ी गतिविधि, उनकी सुरक्षा-कल्याण और जहाजों की आवाजाही को लेकर इलाके में मौजूद भारत के कूटनीतिक मिशन के साथ समन्वय बनाकर बारीक नजर बनाए हुए है।

### रूस में होगी अगली शिखर बैठक

जायसवाल ने बताया कि भारत और रूस के बीच सालाना क्रमवार रूप से आयोजित की जाने वाली शिखर बैठक या सम्मेलन का पूर्व में भारत की मेजबानी में आयोजन किया गया था। जिसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिरकत की थी। लेकिन अब इसका रूस में आयोजन किया जाएगा। बैठक को लेकर सही समय पर मीडिया को जानकारी दी जाएगी। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में नए सदस्यों की एंट्री का निर्णय सामूहिक आधार पर लिया जाएगा। भविष्य में ऐसी किसी कवायद के दौरान फैसला सामूहिक रूप पर ही बनी सहमति के तहत ही होगा।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- कैंसर दवाओं की ऊंची कीमत नरसंहार जैसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि 2700 रुपए की कैंसर की दवा पर MRP 27,000 रुपए क्यों है। कोर्ट ने दवाओं की कीमतों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह नरसंहार है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मंगलवार को दवाओं की कीमत और जेनेरिक दवाओं से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। कोर्ट ने कहा- यह नरसंहार है। यह कैसे हो रहा है? सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024-25 में भारत में कैंसर-रोधी दवाओं की सालाना बिक्री 5,281 करोड़ रही।

## CISF जवान ने साथियों पर गोली चलाई, चार की मौत

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में CISF जवान ने अपने साथियों पर गोली चला दी। मंगलवार शाम 7.30 बजे हुई इस घटना में 4 CISF जवानों की मौत हो गई। मृतकों में एक असिस्टेंट कमांडेंट भी शामिल हैं। इनके नाम असिस्टेंट कमांडेंट अंकित कुमार पांडे, एसआई लक्ष्मण सिंह, कॉन्स्टेबल रफीक अहमद और कॉन्स्टेबल संदीप कुमार हैं। ये जवान हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे बसोहली के पावर प्रोजेक्ट की सुरक्षा में तैनात थे। दो जवानों के बीच बहस हुई, इसी दौरान एक ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## भारत को एशियन गेम्स में छठा गोल्ड: 4x400 मीटर विमेंस रिले रेस में सोना

**नगोया (जापान)।** भारत ने एशियन गेम्स के 4x400 मीटर महिला रिले रेस में गोल्ड जीत लिया है। टीम ने 3 मिनट 29.69 सेकेंड में रेस पूरी की। इसके साथ ही एशियन गेम्स में भारत को 6 गोल्ड मिल गए हैं। मंगलवार को भारतीय टीम ने एशियन गेम्स में लगातार छठी बार 50 मेडल का आंकड़ा भी पार किया। एशियन गेम्स हर 4 साल में होते हैं और 2006 से भारत हर बार 50 या ज्यादा मेडल जीत रहा है। इससे पहले गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32.75 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। वे 10 हजार और 1500 मीटर में सिल्वर जीत चुके हैं। वे मेडल की हैट्रिक करने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक बने। इधर, नीरू ढांडा ने विमेंस ट्रैप शूटिंग में गोल्ड जीता।

## सोना दो दिन में 4500 रुपए सस्ता, चांदी 11 हजार लुढ़की

**मुंबई।** सोना-चांदी मंगलवार को सस्ता हुआ है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी IBJA के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 313 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। एक किलो चांदी 1,453 रुपए सस्ती होकर 2.22 लाख रुपए पर आ गई है। दो दिनों में ही सोने की कीमत में करीब साढ़े 4 हजार रुपए और चांदी की कीमत मे 11 हजार रुपए की गिरावट आई है। सितंबर में अब तक 29 दिनों में सोना 8 हजार और चांदी 15 हजार सस्ती रुपए हुई है। 31 अगस्त को सोना 1.56 लाख प्रति 10 ग्राम पर था जो अब 1.48 लाख रुपए पर आ गया है।

RCA चुनाव: हाईकोर्ट के फैसले तक सीलबंद रहेगी मतपेटी, अध्यक्ष पद पर धनंजय सिंह और बृजकिशोर उपाध्याय के बीच मुकाबला

# मतदान के बाद नतीजों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, 35 वोट पड़े

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) के चार साल बाद मंगलवार को हुए चुनाव में कुल 38 मतदाताओं में से 35 ने मतदान किया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार करते हुए परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी। अदालत के निर्देशानुसार मतपेटी सील कर सुरक्षित रखी गई है। हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई पूरी होने और आदेश आने तक परिणाम जारी नहीं होगा।

RCA में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और कार्यकारी सदस्य के पदों के लिए चुनाव हुए। छह पदों पर कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। अध्यक्ष पद पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह और दौसा जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय के बीच मुकाबला है। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी और भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव की भी चुनाव में प्रतिष्ठा दांव पर है। मोहित यादव ने उपाध्यक्ष और सचिव, दोनों पदों पर नामांकन किया है।

मतदान के बाद धनंजय सिंह ने आरोप लगाया कि 11 से 12 ऐसे लोगों को प्रवेश दिया गया, जिनका क्रिकेट से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा और बालोतरा

क्रिकेट संघों के सचिवों के मतदान नहीं करने पर भी सवाल उठाए। धनंजय के अनुसार, ये नए जुड़े संघ थे और उनके सचिव वार्षिक आमसभा में मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने वोट नहीं डाला। उन्होंने बताया कि इस संबंध में चुनाव आयोग को शिकायत दी गई है।

धनंजय गुट के कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी आशीष तिवाड़ी ने भी आरोप लगाया कि एक कैबिनेट रैंक का व्यक्ति मतदान के दौरान मौजूद था। मतदाताओं को प्रभावित किया गया या नहीं, यह जांच का विषय है। चुनाव में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी भी पहुंचे।

### हाईकोर्ट के फैसले तक परिणाम जारी नहीं होंगे

RCA की एडहॉक कमेटी के पूर्व कन्वीनर और भाजपा नेता दीनदयाल कुमावत तथा मेघा गौड़ ने चुनाव पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। कुमावत ने अध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस ले लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव पर रोक लगाने से इनकार किया, लेकिन परिणाम घोषित करने पर रोक लगाते हुए निर्देश दिया कि हाईकोर्ट का फैसला आने तक परिणाम सीलबंद लिफाफे में सुरक्षित रखा जाए।

उधर, दौसा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट में मंगलवार को जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली की बेंच में सुनवाई हुई। याचिका में 22 मार्च 2024 के प्रमाण-पत्र को निरस्त करने और सचिव प्रदीप नागर को मतदान का अधिकार देने सहित अन्य राहत मांगी गई है। कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चुनाव परिणाम को याचिका के अंतिम आदेश के अधीन रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट को मामले की शीघ्र सुनवाई कर आदेश जारी करने को कहा है।

## बॉर्डर से 80KM दूर भारतमाला-हाईवे पर उतरे सेना के हेलिकॉप्टर

### रुद्र-ध्रुव और चेतक ने की लैंडिंग-टेकऑफ ड्रिल

**बीकानेर।** भारत- पाकिस्तान बॉर्डर से करीब 80 किलोमीटर दूर राजस्थान का रेगिस्तानी इलाका भारतीय सेना के हेलिकॉप्टरों से थर्रा उठा। बीकानेर में दंतौर के पास भारतमाला नेशनल हाईवे-911 के निर्धारित हिस्से पर भारतीय सेना की एविएशन यूनिट ने हेलिकॉप्टर लैंडिंग और टेकऑफ का अभ्यास किया। हाईवे को करीब आधे घंटे के लिए सैन्य रनवे में तब्दील कर दिया गया, जहां सेना के रुद्र, ध्रुव और चेतक हेलिकॉप्टरों ने हाईवे पर निर्धारित स्ट्रेच में लैंडिंग और टेकऑफ ड्रिल की।

अभ्यास में एयरक्रू और ग्राउंड टीमों के बीच लगातार कम्युनिकेशन और कॉर्डिनेशन भी महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। सैन्य अभियानों के दौरान यदि किसी वजह से पारंपरिक एयरफील्ड या हेलीपैड का इस्तेमाल संभव न हो, तो वैकल्पिक लैंडिंग के तौर पर हाईवे उपयोगी साबित हो सकते हैं। हाईवे पर हेलिकॉप्टर संचालन का अभ्यास सेना की व्यापक परिचालन तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है। इसके जरिए एयरक्रू और ग्राउंड स्टाफ को गैर-पारंपरिक लैंडिंग स्थलों पर काम करने की प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिला।

# आमेर के मावठा सरोवर में कूदा युवक, डूबने से मौत: पत्नी की कुछ समय पहले हुई थी मौत

### माता-पिता भी नहीं थे; मानसिक अवसाद में होने की बात सामने आई

थिंक राजस्थान • जयपुर

आमेर के ऐतिहासिक मावठा सरोवर में मंगलवार रात एक 40 वर्षीय युवक ने छलांग लगा दी। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान शंकर सेन निवासी बद्रीनाथ कॉलोनी, आमेर के रूप में हुई है। सूचना पर आमेर थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। रात के अंधेरे के कारण रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण रहा। बाद में मावठा में बोटिंग कराने वाली टीम के गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद शंकर को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया- प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि शंकर सेन शराब का आदी था। बताया जा रहा है कि वह मानसिक अवसाद में भी चल रहा था। उसकी पत्नी की कुछ समय पहले मौत हो चुकी थी, जबकि माता-पिता भी नहीं थे। वह घर में अकेला रहता था। मंगलवार रात मौका पाकर उसने मावठा सरोवर में छलांग लगा दी।

पुलिस के अनुसार युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी पूरी स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मृतक का शव पोस्टमार्टम

के लिए एसएमएस की मोर्चरी में रखवाया है। बुधवार को मृतक का पोस्टमार्टम होगा। घटना की सूचना मिलते ही आमेर थाना पुलिस के साथ सिविल डिफेंस की टीम मावठा सरोवर पहुंची। रात का अंधेरा होने के कारण पानी के अंदर युवक की तलाश करने में काफी परेशानी हुई। टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन काफी देर तक युवक का पता नहीं चल सका। इसके बाद बोटिंग टीम के गोताखोरों ने पानी में तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। युवक के सरोवर में कूदने की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने लोगों को घटनास्थल से दूर किया और रेस्क्यू ऑपरेशन में सहयोग किया। पुलिस मृतक के परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटाई।

### हजारों पर्यटक पहुंचते हैं मावठा सरोवर

मावठा सरोवर आमेर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है। आमेर किला देखने आने वाले बड़ी संख्या में पर्यटक सरोवर के आसपास पहुंचते हैं। ऐसे में युवक की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने यहां सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि रात के समय सरोवर के आसपास निगरानी, बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और आपातकालीन रेस्क्यू व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की जरूरत है। मावठा सरोवर में इससे पहले भी डूबने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। करीब छह साल की बच्ची की डूबने से मौत के बाद भी सरोवर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे थे। अब एक बार फिर युवक की डूबने से मौत के बाद स्थानीय लोगों ने जल क्षेत्र में सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की है।

## ब्रीफ न्यूज

### छात्रवृत्ति के नाम पर छात्राओं से ठगी का आरोप, ABVP ने सौंपा ज्ञापन

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की कमला नेहरू महिला महाविद्यालय की छात्राओं को छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल कॉल एवं मैसेज के माध्यम से संपर्क कर धनराशि मांगने के मामला सामने आया है। इसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) की ओर से कॉलेज डायरेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ABVP महानगर सहमंत्री सरोज बुड़िया ने बताया गया कि छात्रवृत्ति दिलाने का झांसा देकर छात्राओं से विभिन्न प्रकार की धनराशि मांगी जा रही है। साथ ही छात्राओं से व्यक्तिगत एवं बैंक संबंधी जानकारी लिए जाने की आशंका भी है। ABVP ने मामले की जांच करवाकर संबंधित मोबाइल नंबरों का सत्यापन करने तथा दोषी पाए जाने पर पुलिस एवं साइबर क्राइम विभाग के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। बुड़िया ने कहा कि छात्राओं को ऐसे फर्जी कॉल एवं मैसेज से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छात्राएं छात्रवृत्ति के नाम पर किसी अज्ञात व्यक्ति को पैसे अथवा बैंक संबंधी जानकारी न दें और संदिग्ध मामले की तत्काल महाविद्यालय प्रशासन को जानकारी दें।

### मेयर कोठारी ने बैठक में की निगम के 15 से ज्यादा शाखाओं के काम की समीक्षा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर नगर निगम के नए मेयर सुनील कोठारी ने पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को निगम मुख्यालय में बैठक ली। तीन घंटे से ज्यादा चली मैराथन बैठक में मेयर ने राजस्व, कार्मिक, स्वास्थ्य, उद्यान, प्रोजेक्ट, गैराज और विधि सहित 15 से ज्यादा शाखाओं के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न शाखाओं की प्रगति और कामकाज की स्थिति पर चर्चा की गई। मेयर ने अवैध निर्माण पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए इसे रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ पीपीटी के जरिए विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली को समझा और लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। मेयर ने अधिकारियों को 'एक सोच-एक डोर' के मंत्र के साथ टीम भावना से काम करने और जयपुर शहर की तस्वीर बदलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों का समाधान और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देना निगम की जिम्मेदारी है। बैठक में मेयर सुनील कोठारी ने जोन उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जयपुर की चारदीवारी और हेरिटेज की पहचान से किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी नियमों के अनुसार काम करें और शहर में अवैध निर्माणों को रोकने के साथ अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

# JDA की कार्रवाई से प्रभावित स्थानीय निवासी पहुंचे कोर्ट: हाईकोर्ट के निर्देश पर सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक हटाए जा रहे अतिक्रमण

थिंक राजस्थान • जयपुर

सोडाला से गुर्जर की थड़ी के बीच न्यू सांगानेर रोड पर अतिक्रमण हटाने की जेडीए की कार्रवाई से प्रभावित स्थानीय निवासी कोर्ट पहुंच गए हैं। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जेडीए की ओर से इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई से प्रभावित लोगों ने अदालत में अपनी बात रखी है।

प्रभावित लोगों ने हाईकोर्ट में पक्षकार बनने के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया हैं। जिस पर आज मुख्य न्यायाधीश संजय के अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने जेडीए को प्रभावितों की पक्षकार बनने की अर्जी का जवाब देने के लिए कहा। अदालत ने यह निर्देश सुरेश चंद रावत और अन्य की जनहित याचिका पर दिए। जनहित याचिका पर पूर्व में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जेडीए को 2.4 किलोमीटर दूरी में 100 फीट चौड़ी सड़क सहित स्थानीय विश्वा नगर की 30 फीट चौड़ी रोड पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग दो महीने में हटाने के निर्देश दिए थे।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान जेडीए की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अभी तक 210 लोगों को धारा 72 का नोटिस दे दिया है और

जैसे-जैसे उनका जवाब आ रहा है उसका परीक्षण करवाया जा रहा है। इसके अलावा कार्रवाई के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। अदालत ने जेडीए का पक्ष सुनने के बाद उसे पक्षकार बनने वाली अर्जी का जवाब देने के लिए कहा। जनहित याचिका में कहा गया था कि मास्टर प्लान में सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक की सड़क की चौड़ाई 100 फुट है। न्यू सांगानेर रोड पर स्थित विश्वा नगर में 30 फुट सड़क बताई है। लेकिन अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के चलते सड़क की चौड़ाई केवल 20 फुट ही रह गई है। वहीं न्यू सांगानेर रोड की सोडाला से गुर्जर की थड़ी वाली सड़क की चौड़ाई अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के चलते सिमट गई है। इसलिए मास्टर प्लान के अनुसार, सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक की सड़क और स्थानीय कॉलोनी की सड़क से अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटवाई जाए।

### 90 साल से यहीं रह रहे

स्थानीय निवासियों ने हाईकोर्ट में पक्षकार बनने का प्रार्थना पत्र लगाकर कहा कि हमारी पीढ़िया पिछले 90 सालों से यही रह रही हैं। 100 फीट की सड़क की जद में किसी का दो मंजिला पूरा मकान आ रहा हैं। किसी के पास केवल एक इंच जमीन बच रही हैं। इस कार्रवाई से परिवार की रोटी और छत दोनों छिनने की नौबत आ गई हैं। बता दे कि जेडीए द्वारा मौके पर डिमार्केशन की कार्रवाई का भी लोगों ने विरोध किया था।

# नकली घी की पैकिंग का भंडाफोड़, कोडवर्ड में लेते ऑर्डर, 61,600 कार्टन-पाउच बरामद, 3 गिरफ्तार

## सरस, लोट्स, महान और कृष्णा-ब्रांड के नाम पर तैयार हो रही थी फर्जी पैकिंग

थिंक राजस्थान • जयपुर

खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जयपुर कमिश्नरेट की CST और झोटवाड़ा थाना पुलिस ने नकली घी की पैकिंग तैयार करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। टीम ने मंगलवार को झोटवाड़ा के फैक्ट्री एरिया स्थित एक गोदाम पर दबिश देकर सरस, लोट्स, महान और कृष्णा घी के नाम पर इस्तेमाल होने वाली 61,600 खाली मोनो कार्टन, पाउच पैक और बारकोड स्कैनर बरामद किए हैं। मौके से पैकिंग और प्रिंटिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनें और सप्लाई में इस्तेमाल वाहन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने मामले में मुख्य सरगना अनिल अग्रवाल समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अनिल अग्रवाल (35) पुत्र टीकमचंद अग्रवाल, निवासी कोटड़ा मोहल्ला, वार्ड नंबर 6, चाकसू, मोहनलाल शर्मा (42) पुत्र राजेंद्र प्रसाद शर्मा, निवासी वार्ड नंबर 19, मालियों का मोहल्ला, चाकसू और याकूब (40) पुत्र इब्राहीम निवासी मकान नंबर डी-17, पुरानी बस्ती, नाहरगढ़ किले के नीचे, नीम घर की मस्जिद के पास, नाहरगढ़ थाना के रूप में हुई है। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया कि झोटवाड़ा थाना पुलिस और सीएसटी टीम ने आरोपियों की गतिविधियों पर करीब एक महीने तक निगरानी रखी। तकनीकी सहायता से उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई। इसके बाद फैक्ट्री एरिया स्थित गोदाम पर दबिश दी गई। गोदाम से बड़ी मात्रा में नकली पैकिंग सामग्री मिलने के बाद पुलिस ने

सरस डेयरी के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। अधिकारियों ने बरामद रैपर, मोनो कार्टन और हॉलमार्क की जांच की। जांच में पैकिंग सामग्री और हॉलमार्क को नकली बताया गया। इसके बाद सरस डेयरी के राजाराम कार्यालय की ओर से रिपोर्ट पुलिस को दी गई। रिपोर्ट के आधार पर झोटवाड़ा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में कॉपीराइट एक्ट और ट्रेडमार्क अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। मामले की जांच ACP झोटवाड़ा शिव कुमार भारद्वाज कर रहे हैं।

### ऐसे तैयार होती थी नकली घी की पैकिंग

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अनिल अग्रवाल टोंक निवासी अमन जैन से रैपर और खाली मोनो कार्टन खरीदकर लाता था। इसके बाद झोटवाड़ा स्थित गोदाम में प्रिंटिंग मशीन की मदद से इन कार्टनों और रैपर पर सरस, नोट्स, महान और कृष्णा घी के ब्रांड, तारीख और हॉलमार्क फर्जी तरीके से अंकित किए जाते थे। तैयार पैकिंग को जयपुर और आसपास के इलाकों में छोटे व्यापारियों को सप्लाई किया जाता था। पुलिस के अनुसार इन फर्जी रैपर और कार्टनों का इस्तेमाल नकली घी की पैकिंग में किया जाता था। पुलिस के मुताबिक गोदाम से तैयार नकली पैकिंग को प्रमोद अग्रवाल, श्यामसुंदर राठौड़ और अन्य नकली घी कारोबारियों को सप्लाई किया जाता था। इस तरह आरोपी सीधे नकली घी बनाने के बजाय उसकी पैकिंग के लिए ब्रांडेड कंपनियों की फर्जी पैकिंग तैयार कर सप्लाई कर रहे थे।

### कोडवर्ड में लेते थे ऑर्डर, रास्ते-वाहन भी बदलते थे

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पुलिस की नजर से बचने के लिए काफी सतर्कता से काम करते थे। नकली कार्टन और रैपर की सप्लाई के लिए अलग-अलग रास्तों और वाहनों का इस्तेमाल किया जाता था। व्यापारियों से कोडवर्ड में डिमांड ली जाती थी और मांग के अनुसार पैकिंग सामग्री पहुंचाई जाती थी। पुलिस टीम के अनुसार आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी और तकनीकी इनपुट के आधार पर पूरे नेटवर्क तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

### गोदाम से सामान बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 61,600 खाली मोनो कार्टन, 61,600 पाउच पैक, 61,600 बारकोड स्कैनर, 1 इलेक्ट्रिक मशीन, 1 प्रिंटर/कन्वेयर, 1 इलेक्ट्रिक कांटा, 1 सिलाई मशीन, सरस, नोट्स, महान और कृष्णा के नाम के नकली रैपर, फर्जी हॉलमार्क और अन्य पैकिंग सामग्री, 1 अर्टिगा कार, 1 लोडिंग टेम्पो जब्त किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि फर्जी पैकिंग किन-किन कारोबारियों को सप्लाई की जाती थी और नकली घी के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की इसमें क्या भूमिका थी।

## झुंझुनूं बीजेपी विधायक का वॉट्सएप हैक, परिचित से रुपए मांगे

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

झुंझुनूं बीजेपी विधायक राजेंद्र भांबू का वॉट्सऐप अकाउंट हैक होने का मामला सामने आया है। हैकर ने विधायक के परिचितों को मैसेज भेजकर 45 हजार रुपए ट्रांसफर करने को कहा। मैसेज में UPI काम नहीं करने और तत्काल रुपयों की जरूरत होने की बात कही गई। साथ ही रकम 2 घंटे में वापस लौटाने का भरोसा दिया गया। मामला मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे का है। विधायक भांबू के नंबर से अचानक कई लोगों के पास रुपए मांगने वाले मैसेज पहुंचने लगे। इसके बाद परिचितों ने विधायक से संपर्क किया, तब अकाउंट हैक होने की जानकारी सामने आई।

### कहा- UPI काम नहीं कर रहा है, 2 घंटे में पैसे लौटा दूंगा

हैकर पहले विधायक के परिचितों को मैसेज करता और सामने वाला व्यक्ति विधायक समझकर जवाब देता। इसके बाद मदद के नाम पर रुपए मांगे जाते। एक चैट में हैकर ने लिखा- 'हाय ! एक छोटी सी हेल्प चाहिए थी।' सामने वाले ने जवाब दिया- 'यस सर, आदेश करें।' इसके बाद हैकर ने UPI काम नहीं करने की बात कहते हुए 45 हजार रुपए मांगे और कहा कि रुपए 2 घंटे में वापस कर देगा। इसके बाद 9161026948 नंबर भेजकर इस पर रुपए ट्रांसफर करने को कहा गया।

## झुंझुनूं: आमने-सामने भिड़ी दो बाइक, ठेले से जाकर टकराई

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में स्वर्ण जयंती स्टेडियम के पास सोमवार शाम सड़क पार करते समय हादसा हुआ। इसमें बाइक सवार युवकों को दूसरी तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ठेले से जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घायलों को संभाला।

# 3 डॉक्टरों ने थार से युवक को कुचला था: पुलिस ने 400 CCTV फुटेज खंगाल आरोपियों को सालासर से पकड़ा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में स्कूटी सवार को थार से तीन डॉक्टरों ने कुचला था। पुलिस ने मामले का खुलासा कर तीनों डॉक्टरों को डिटेन किया है। पुलिस ने 100 किलोमीटर के दायरे में 400 CCTV फुटेज खंगाल कर आरोपियों तक पहुंची। मामला जवाहर नगर थाना क्षेत्र के राजापार्क के उदय मार्ग चौराहे की 22 सितंबर रात 12:30 बजे का है। हादसे में गंभीर घायल युवक विजय पासवान (24) की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी डॉक्टर धर्मेंद्र कड़वा निवासी डीडवाना कुचामन, यथार्थ हंस और राजेश धाकड़ चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं। धर्मेंद्र कड़वा गाड़ी चला रहा था। तीनों आरोपी विदेश से MBBS की पढ़ाई करके आए है।

जवाहर नगर थानाधिकारी सरला यादव ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने मामले की जांच के दौरान करीब 100 किलोमीटर के दायरे में 400 CCTV फुटेज खंगालकर दुर्घटना में शामिल काली थार का पता लगाया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज और रूट मैप के आधार पर थार के रजिस्ट्रेशन नंबर की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी राजेश धाकड़ और यथार्थ को सालासर से डिटेन किया। दोनों की निशानदेही पर धर्मेंद्र को थाने में बुलाकर डिटेन किया। हादसे में यूज की गई काली थार को भी जब्त किया है।

### धरने से दोस्त के घर जा रहे थे तीनों डॉक्टर

तीनों डॉक्टर एफएमजीई परीक्षा पास कर इंटर्नशिप कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में 16 सितंबर से चल रहे इंटर्नशिप कर रहे डॉक्टरों का धरना चल रहा है। तीनों आरोपी डॉक्टर भी इस धरने में शामिल होकर देर रात करीब साढ़े 11 बजे बाद धर्मेंद्र के दोस्त के यहां जवाहर नगर जाने के लिए निकले थे। फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स (एफएमजी) की मांग है कि इंटर्नशिप के बदले 21 हजार 700 रुपए का स्टाईपेंड मिले।

घटना बीते मंगलवार (22 सितंबर) रात करीब 12:30 बजे राजापार्क के उदय मार्ग चौराहे की है। विजय मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और करीब तीन साल पहले जयपुर आया था। वह आदर्श नगर स्थित चिकन हंट में काम करता था और वहीं रहता था। विजय स्कूटी से चौराहा पार कर रहा था। इसी दौरान ब्लैक थार ने उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि थार स्कूटी और विजय को करीब 15 फीट तक घसीटते हुए ले गई। हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया था। हादसे में विजय के सिर, कंधे और हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने उसे उपचार के लिए SMS अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया था, जहां उसके सिर का ऑपरेशन किया गया। इलाज के दौरान रविवार को विजय की मौत हो गई। विजय के परिवार में माता-पिता और तीन बहनें हैं।

## नागौर में एएनटीएफ की नशे के खिलाफ कार्रवाई, चार गिरफ्तार

**नागौर।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) ने मंगलवार को प्रदेश के तीन जिलों में मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की। नागौर, उदयपुर और श्रीगंगानगर में हुई कार्रवाई में पुलिस ने 12 ग्राम MDMA, गांजे के 19 हरे पौधे और 3 किलो डोडा-पोस्त बरामद किया। कार्रवाई में चार 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक बाइक भी जब्त की गई।

### 12 ग्राम MDMA, गांजे के 19 पौधे और 3 किलो डोडा-पोस्त जब्त

पहली कार्रवाई नागौर कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। ANTF को सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक से अवैध मादक पदार्थ लेकर नागौर से ताऊसर की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर ANTF ने स्थानीय पुलिस के साथ बीएसएफ मेन गेट, ताऊसर रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों ने भागने की कोशिश की। टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में 12 ग्राम MDMA बरामद हुआ। पुलिस ने बाइक जब्त कर मोहम्मद आदिल और मोहम्मद हारून निवासी किले की ढाल, नागौर को गिरफ्तार किया।

# सीएम भजनलाल आज बाड़मेर आएंगे, बाछड़ाऊ में जनसभा

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पंचायती राज चुनाव शेड्यूल जारी होने से पहले बाड़मेर आ रहे हैं। वे बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बाड़मेर पहुंचेंगे। बाछड़ाऊ में जनसभा कर तीन विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में पंचायती चुनाव के समीकरण साधने का प्रयास करेंगे। साथ ही बाड़मेर समेत जोधपुर संभाग के लिए बड़ी घोषणाएं भी कर सकते हैं।

सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक अफसरों के साथ-साथ बीजेपी पदाधिकारियों ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाछड़ाऊ में पांडाल लगाया गया है। यहां सीएम जनसभा को सम्बोधित करने के साथ जोधपुर संभाग के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी कर सकते हैं। साथ ही कई विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण करना भी प्रस्तावित है। दरअसल, नगर निकाय में चुनाव में 200 से ज्यादा निकाय जीतने के बाद अब सरकार पंचायती राज चुनाव की जीत पर फोकस कर रही है। पंचायती राज चुनाव की लॉटरी



निकल गई हैं। अब चुनाव आयोग शेड्यूल जारी करने की तैयारी में जुटा है। इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा का बाड़मेर दौरा कई बड़ी सौगात दे सकता है। सीएम के प्रस्तावित प्रोग्राम को लेकर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, एसपी चूनाराम जाट, एडीएम रविंद्र कुमार, एएसपी नितेश आर्य समेत प्रशासनिक अधिकारी तैयारियों में जुटें है। इधर पुलिस ने सुरक्षा को लेकर बंदोबस्त कर दिया है। वहीं लोगों के बैठने के लिए पांडाल तैयार करवाया गया है। सीएम जनसभा को सम्बोधित करने के बाद कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

# पीपाड़ में ईडब्ल्यूएस सरलीकरण यात्रा का स्वागत, सर्व समाज ने दिया समर्थन

**थिंक राजस्थान • पीपाड़ सिटी**

ईडब्ल्यूएस आरक्षण में आ रही विसंगतियों के सरलीकरण की मांग को लेकर प्रदेशभर में निकाली जा रही ईडब्ल्यूएस सरलीकरण यात्रा मंगलवार को पीपाड़ सिटी पहुंची। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में निकाली जा रही यात्रा के पीपाड़ पहुंचने पर सर्व समाज की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की मांग का समर्थन किया।

यह यात्रा 25 सितंबर को बाड़मेर स्थित आलोक आश्रम से शुरू हुई थी। यात्रा के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न गांवों, ढाणियों और शहरों में पहुंचकर ईडब्ल्यूएस आरक्षण से जुड़े प्रावधानों एवं उनमें आ रही विसंगतियों को लेकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। पीपाड़ में आयोजित कार्यक्रम में सभी की ओर से भी ईडब्ल्यूएस सरलीकरण मुहिम तथा रविंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में निकाली जा रही यात्रा को समर्थन दिया गया। इस दौरान विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के लोगों को ईडब्ल्यूएस आरक्षण से संबंधित समस्याओं और विसंगतियों के प्रति जागरूक करना तथा इनके समाधान की मांग को केंद्र सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की मांग को लेकर अपना समर्थन व्यक्त किया।

## ब्रीफ न्यूज

### नन्द घर के माध्यम से पोषण और बाल विकास को नई दिशा

**थिंक राजस्थान • बिलाड़ा**

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर माताओं, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, बच्चों तथा ग्रामीणों के साथ पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास को लेकर जागरूकता संवाद किया गया। कार्यक्रम में वेदांता की ओर से संचालित नन्द घरों की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। नन्द घर के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास, प्रारंभिक शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच तथा नियमित वृद्धि निगरानी के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली पूरक पोषाहार, शाला-पूर्व शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच एवं पोषण शिक्षा जैसी सेवाओं के बारे में बताया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आईएम शक्ति उड़ान योजना एवं पोषण अभियान सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नन्द घर में पोषण थाली का प्रदर्शन कर हरी सब्जियां, दाल, गुड़, बाजरा एवं मौसमी फलों जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने का संदेश दिया गया। बच्चों का नियमित वजन एवं लंबाई मापने तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर आवश्यकता अनुसार उपचार केंद्र पर रेफर करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम में वेदांता के नन्द घरों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। वहीं सुपरवाइजर राबिया द्वारा कार्यक्रम की गतिविधियों को सुव्यवस्थित तरीके से गाइड करने और आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर ढंग से संचालित करने में सहयोग देने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के योगदान को भी सराहा गया।

### गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादर साहिब में निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित, 93 लोगों ने उठाया लाभ

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादर साहिब, सिंधी कॉलोनी विकास समिति, ए.एस.जी. नेत्र चिकित्सालय एवं लॉयन्स क्लब जोधपुर आगाज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार, 29 सितंबर 2026 को निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ज्ञानी जी द्वारा अरदास के साथ हुआ। प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चले इस शिविर में कुल 93 लोगों ने अपनी आंखों की निःशुल्क जांच कराई। इसमें सिंधी कॉलोनी के निवासियों, पीएनबी बैंक के कर्मचारियों, गुरुद्वारे की साध संगत एवं अन्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ए.एस.जी. आई हॉस्पिटल की ओर से शक्ति सिंह, महेश एवं उनकी तकनीकी टीम ने आधुनिक उपकरणों से आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादर साहिब के प्रधान सेवादार सरदार जितेंद्र सिंह बत्रा ने बताया कि शिविर के दौरान सिख समाज से प्रधान दर्शन सिंह लोटे, प्रधान गुरचरण सिंह बग्गा, सचिव कुलदीप सिंह सलूजा, सचिव जगमोहन सिंह, राजेंद्र सिंह सरा, त्रिलोचन सिंह सबरवाल, सुखबीर सिंह हांडा, नवनीत कौर बग्गा, सतनाम कौर छाबड़ा, नरेंद्र कौर आसी एवं साध संगत मौजूद रही। शिविर को सफल बनाने में लॉयन्स क्लब जोधपुर आगाज से चेयरमैन लॉयन निशांत जैन, लॉयन हरदीप सिंह सलूजा, खत्री जी, शेफाली जी, शशि मेहता व उनकी टीम तथा सिंधी कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष अमित गोयल, रमेश अयानी, अमित देवानी, विनोद सयानी, दिनेश गोयल, गोविंद जी, सज्जन कुमार व विक्की खालसा का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर प्रधान सेवादार सरदार जितेंद्र सिंह बत्रा तथा सिख समाज के प्रबंधको ने सभी सहयोगियों व चिकित्सकों को सरोपा भेंट कर आभार व्यक्त किया और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्रदान किया।

# लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करें: यादव

**थिंक राजस्थान • बाड़मेर**

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए आमजन को समयबद्ध एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की भी विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों में आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा प्रगति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने बजट घोषणाओं के तहत रणछोड़राय मंदिर एवं हल्देश्वर महादेव मंदिर विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होने कृषि विभाग को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अनार महोत्सव की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होने सभी अधिकारियो को निर्देश प्रदान किये कि जिन कार्यों की स्वीकृति जारी हो गई है, उन्हे धरातल पर उतारें।

जिला कलक्टर यादव ने पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को योजना का लाभ दिलाने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद समेत सभी नगर पालिकाओं को प्रतिमाह 30-30 आवेदन करवाने के निर्देश दिये। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पात्र पशुपालकों तक योजना की जानकारी पहुंचाने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि योजना के तहत सर्वेयर की संख्या को बढ़ाते हुए अपेक्षित लक्ष्य अर्जित करें।

उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करें तथा शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों से नियमित रूप से पोर्टल की निगरानी करने को कहा, ताकि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। बैठक में जल संचय जन भागीदारी योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होने राइजिंग राजस्थान से संबंधित गतिविधियों की भी समीक्षा की और निवेश एवं विकास से जुड़े कार्यों में आवश्यक समन्वय बनाए रखने को कहा। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनसिंह महेचा ने विकसित भारत जनसेवा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों, शिविरों एवं आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, इसलिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर परिषद आयुक्त आशुतोष आचार्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उम्मेदाराम, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश चौधरी, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता बाबूलाल मीणा, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग घेवरचंद प्रजापत, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पालिका अध्यक्ष ने ली पालिका कार्मिकों की बैठक, सफाई व शहर के सौंदर्यीकरण पर दिए निर्देश

**थिंक राजस्थान • पीपाड़ सिटी**

नगर पालिका की नवनियुक्त अध्यक्ष आशा कच्छावाह ने मंगलवार को पालिका कार्मिकों की बैठक लेकर शहर में सफाई, रोशनी व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।आगामी दशहरा एवं दीपावली पर्व को देखते हुए अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था को विशेष रूप से दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने पालिका के सफाई प्रभारियों को रात्रि के समय भी सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पाबंद किया। वहीं, आगामी दशहरा महोत्सव के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिशाषी अधिकारी मो. सुहैल शेख को निर्देशित किया।अध्यक्ष ने सभी पालिका कार्मिकों को आमजन के कार्यों का त्वरित निस्तारण करने तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। भूमि शाखा एवं भवन निर्माण शाखा के प्रभारियों को आमजन से प्राप्त ऑनलाइन पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण कर लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कहा गया।

अध्यक्ष ने शहरवासियों से भी स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में डस्टबिन रखा जाए तथा सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग संग्रहित किया जाए। पालिका के ऑटो टिपर के वार्ड में पहुंचने पर कचरा उसी वाहन में डालें, ताकि मोहल्लों में गंदगी न फैले। बैठक में अध्यक्ष ने पालिका क्षेत्र के सभी पार्कों, फव्वारों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण के भी निर्देश अधिशाषी अधिकारी को दिए।बैठक में अधिशाषी अधिकारी मो. सुहैल शेख, राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र, कनिष्ठ अभियंता विपिन परिहार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी शिवलाल सैन, वरिष्ठ सहायक प्रेमसिंह, विजय विश्नोई, कनिष्ठ सहायक हरेन्द्र चौधरी, अर्जुन सैन, सब नाकेदार समसुद्दीन सहित सफाई प्रभारी एवं अन्य पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

# तीन साल से फरार गंगानगर जिले का इनामी अपराधी दिनेश दस्तयाब

**थिंक राजस्थान • फलौदी**

पुलिस अधीक्षक फलौदी सतनाम सिंह ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी, उपयोग तथा तस्करी में लिप्त वांछित अपराधियों के विरूद्ध

चलाये जा रहे ऑपरेशन "उजास" के तहत जिला विशेष टीम फलोदी ने कार्यवाही करते हुऐ थाना हिन्दुमल कोट जिला श्री गंगानगर के एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में वांछित ईनामी अपराधी दिनेश कुमार पुत्र सुखराम विश्नोई निवासी चिड़ी मोटाई पुलिस थाना चाखू जिला फलोदी को फलोदी शहर से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस अधीक्षक फलौदी सतनाम सिंह ने बताया कि 05 जून 2023 को तत्कालीन थानाधिकारी हिन्दुमल कोट जिला गंगानगर द्वारा कार्यवाही की जाकर अवैध डोडा पोस्त बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। प्रकरण में अवैध डोडा पोस्त सप्लाई करने का आरोपी दिनेश कुमार पुत्र सुखराम विश्नोई निवासी चिड़ी मोटाई पुलिस थाना चाखू जो प्रकरण में पिछले 3 साल से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु जिला पुलिस अधीक्षक गंगानगर द्वारा 25000 का ईनाम जारी किया गया था।

28 सितंबर 2026 को किशनाराम कानि. डीएसटी फलोदी को सूचना मिली कि आज दिनेश कुमार फलोदी शहर में आया हुआ है। जिस पर ब्रजराजसिंह चारण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलोदी व अचलसिंह देवड़ा सीओ फलोदी के निकटतम सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम फलोदी द्वारा आरोपी दिनेश कुमार को फलोदी शहर से दस्तयाब किया। आरोपी को पुलिस थाना हिन्दुमलकोट की टीम को सुपुर्द किया गया है। आरोपी दिनेश कुमार पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए हैदराबाद में फरारी काट रहा था। आरोपी दिनेश कुमार मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त रहा है। जिसके विरूद्ध पुलिस थाना बाप पर एनडीपीएस एक्ट के कुल दो प्रकरण दर्ज है।

**आरएसपीसीबी की कार्रवाई में 4 जिगर मशीनें एवं अवैध अडान ध्वस्त, विद्युत संबंध भी विच्छेद**

# कृषि भूमि पर अवैध टेक्सटाइल इकाई, प्रशासन का बुलडोजर चला

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

कृषि भूमि पर अवैध रूप से संचालित टेक्सटाइल इकाइयों के विरुद्ध राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के क्रम में मंगलवार को फलोदी क्षेत्र के ग्राम कानासरिया में बड़ी प्रवर्तन कार्रवाई की गई। सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय जोधपुर ग्रामीण एवं उपखण्ड प्रशासन फलोदी की संयुक्त टीम ने पुलिस दस्ते के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध टेक्सटाइल इकाई का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कृषि भूमि पर अवैध रूप से संचालित इकाई पाए जाने पर मौके पर ही प्लांट मशीनरी एवं अवैध ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। क्षेत्रीय अधिकारी, जोधपुर ग्रामीण श्री जगदीश चौधरी ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायत के आधार पर उपखण्ड अधिकारी फलोदी के नेतृत्व में आरएसपीसीबी के अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी श्री दीपक ओझा, तहसीलदार फलोदी, विद्युत विभाग के कार्मिक, स्थानीय पटवारी एवं पुलिस दल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कानासरिया, पटवार मण्डल ननेऊ, तहसील फलोदी स्थित खसरा संख्या 14/1 में अचानक दबिश दी गई।

मौके पर निरीक्षण के दौरान कृषि भूमि पर टेक्सटाइल रंगाई-छपाई प्रक्रिया में प्रयुक्त होने वाली चार जिगर मशीनें एवं अडान अवैध रूप से स्थापित एवं संचालित पाए गए।उपरोक्त अवैध इकाई हबीब पुत्र मुबारक खान द्वारा खातेदार मुबारक दत्तक पुत्र जानू खान की खातेदारी भूमि पर अवैध रूप से बिना भूमि संपरिवर्तन एवं मण्डल की वैध सम्मति के संचालित की जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि टेक्सटाइल प्रक्रिया से उत्पन्न रासायनिक अपशिष्टयुक्त जल को खुले में भूमि पर छोड़ा जा रहा था। पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त टीम द्वारा जेसीबी की सहायता से समस्त प्लांट मशीनरी एवं अवैध ढांचे को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही विद्युत संबंध आदि भी विच्छेद किए गए। आरएसपीसीबी की टीम द्वारा मौके से अपशिष्ट जल के नमूने भी एकत्रित किए गए हैं, जिन्हें आगामी विश्लेषण के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला, जोधपुर में जमा करवाया जाएगा।

क्षेत्रीय अधिकारी श्री जगदीश चौधरी ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो याचिका संख्या 08/2025 में दिए गए निर्देशों के क्रम में कृषि एवं आवासीय भूमि पर अवैध रूप से संचालित टेक्सटाइल इकाइयों के संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर जिला एवं उपखण्ड प्रशासन के साथ समन्वय करते हुए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसी अवैध इकाइयों से संबंधित खाताधारकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने तथा खातेदारी निरस्त करने की प्रक्रिया स्थानीय उपखण्ड प्रशासन द्वारा नियमानुसार की जाएगी।

### प्रवर्तन कार्रवाई रहेगी जारी

चौधरी ने कहा कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा जिला एवं उपखण्ड प्रशासन के साथ समन्वय कर क्षेत्र में कृषि एवं आवासीय भूमि पर अवैध रूप से संचालित टेक्सटाइल इकाइयों तथा पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाली गतिविधियों के विरुद्ध निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरणीय नियमों एवं निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित इकाई एवं व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने रानी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, विरोध जताया

# राजकीय अवकाश में कार्य नहीं करने पर कृषि पर्यवेक्षकों को नोटिस

**थिंक राजस्थान • रानी**

राजकीय अवकाश में कार्य नहीं करने के संबंध में पूर्व में ज्ञापन दिए जाने के बावजूद कृषि पर्यवेक्षकों को नोटिस जारी किए जाने के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने SDM रानी को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि राजकीय अवकाश के दौरान सरकारी कैंपों में कार्य नहीं करने के संबंध में पूर्व में ही अधिकारियों को ज्ञापन देकर संघ की स्थिति स्पष्ट कर दी गई थी। इसके बावजूद तहसील रानी में कृषि पर्यवेक्षकों को राजकीय अवकाश में कार्य नहीं करने पर नोटिस जारी किए गए। संघ ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए SDM रानी को ज्ञापन सौंपा और जारी किए गए नोटिस वापस लेने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि अवकाश में कार्य नहीं करने के संबंध में पहले ही लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका था, ऐसे में सयुंक्त कर्मचारी महासंघ के जिला संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष करण सिंह भाटी, पटवार संघ से देशराज मीणा, शकर सिंह राजपुरोहित, सवाई सिह पीलवा ग्राम विकास अधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह, राजेन्द्र सिंह, मंगलाराम, सुखाराम रिपुदमन सिह, जितेन्द्र कुमार, रामलाल आदि मौजूद रहे। संघ ने प्रशासन से मामले में उचित कार्रवाई कर कर्मचारियों को राहत देने की मांग की।, मौजूद रहे। संघ ने प्रशासन से मामले में उचित कार्रवाई कर कर्मचारियों को राहत देने की मांग की।

**ब्रीफ न्यूज**

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा कलक्टर ने किया केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर महानगर श्री दिनेश त्यागी तथा जिला कलेक्टर श्री आलोक रंजन की अध्यक्षता में जेल विजिटर बोर्ड के सदस्यों ने मंगलवार को केंद्रीय कारागृह, जोधपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों से व्यक्तिगत संवाद कर कारागृह की व्यवस्थाओं एवं उनके साथ किए जा रहे व्यवहार की जानकारी ली गई। यह निरीक्षण माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सिविल) संख्या 1404/2023, सुकन्या शांता बनाम भारत संघ में पारित आदेश दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 की पालना तथा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सेशन न्यायाधीश त्यागी, जिला कलेक्टर रंजन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव श्री राकेश रामावत तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला के सचिव डॉ. मनीष हरजाई ने कारागृह में निरुद्ध बंदियों से व्यक्तिगत बातचीत की। इस अवसर पर जेल विजिटर बोर्ड के सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक, जिला रोजगार अधिकारी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक तथा जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक उपस्थित रहे। साथ ही पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकृत अधिकारी, केंद्रीय कारागृह के अधीक्षक तथा एलएडीसीएस, जोधपुर महानगर एवं जोधपुर जिला के अधिवक्तागण भी मौजूद रहे।

## वृत्तचित्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने जाना सोमनाथ का गौरवशाली इतिहास

**थिंक राजस्थान • चूरू**

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने मंदिर के इतिहास, पुनर्निर्माण और भारतीय सांस्कृतिक चेतना में उसके महत्व की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में प्राचार्य मंजु शर्मा ने विद्यार्थियों को सोमनाथ मंदिर की गौरवशाली विरासत, धार्मिक महत्ता और भारतीय इतिहास में उसके विशिष्ट स्थान के बारे में बताया। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा उनमें इतिहास-बोध, सांस्कृतिक चेतना और अपनी धरोहर के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. ट्विंकल शर्मा सहित समिति सदस्य डॉ. उम्मेद सिंह गोठवाल, डॉ. वीना ढेनवाल, डॉ. संजू झाझड़िया, डॉ. अंजू ओझा, अभिषेक जिनागल, डॉ. मधु चौधरी, डॉ. शांतनु डाबी, समीक्षा चौधरी, पूजा प्रजापत, रीनू कुमारी, सुरेश जिनागल एवं डॉ. विभा पारीक उपस्थित रहे।

# चूरू सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक को 2.01 करोड़ का लाभ, किसानों को बांटे 660.79 करोड़ के ऋण

### 66वीं वार्षिक सभा में 2025-26 के लेखे और आगामी बजट प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**थिंक राजस्थान • चूरू**

चूरू सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक की 66वीं वार्षिक सभा मंगलवार को दादाबाड़ी में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा और विधायक हरलाल सहारण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लेखे और आगामी बजट सहित सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 में 2.01 करोड़ रुपए का कार्यकारी लाभ अर्जित किया। इस दौरान 93,580 किसानों को 660.79 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया। बैंक का एनपीए 2.68 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.82 प्रतिशत कम है।

उन्होंने बताया कि जिले में 23 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं तथा 13 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण की मंजूरी मिली है। भवनविहीन 40 समितियों के भूमि आवंटन प्रस्तावों में से 22 को स्वीकृति दी गई। वहीं, जिले की 192 ग्राम सेवा सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण किया जा चुका है। विधायक हरलाल सहारण ने ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को सहकारिता से जोड़ने का आश्वासन दिया। उप रजिस्ट्रार सैनी ने सहकारिता के माध्यम से समृद्धि के लक्ष्य को आगे बढ़ाने की बात कही।

## भगत सिंह जयंती पर अखिल भारत हिन्दू क्रांति सेना ने किया माल्यार्पण

### सर्किल की सफाई कर शहीद को किया नमन

**थिंक राजस्थान • ब्यावर**

शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर सोमवार को अखिल भारत हिन्दू क्रांति सेना की ओर से भगत चौराहे स्थित शहीद भगत सिंह सर्किल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन के ब्यावर जिला अध्यक्ष रतन गुर्जर के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सर्किल पर पहुंचे, जहां सर्वप्रथम सर्किल की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके पश्चात शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह के अदम्य साहस, त्याग, बलिदान और देशभक्ति को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए राष्ट्रप्रेम, साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा है। देश की स्वतंत्रता के लिए उनके द्वारा दिया गया बलिदान सदैव राष्ट्र के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष रतन गुर्जर ने कहा कि शहीद भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके विचारों और आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल माल्यार्पण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह सर्किल की साफ-सफाई कर सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया। इस दौरान शहीद भगत सिंह के सम्मान में नारे लगाकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित में सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रतन गुर्जर, देवेंद्र जटिया, भूपेंद्र धानका, राधेश्याम भट्ट, हेमंत पहलवान, भास्कर चोरोटिया, हेडन टांक, राकेश नारावत, विश्वास गुर्जर, रविंद्र पोपावत, रितेश कुमार, दक्ष चौहान, अंकित पोपावत, रविंद्र सिंह सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बोलीं- चुनावी ड्यूटी निरस्त करे प्रशासन

**झुंझुनूं।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को गैर-ICDS (चुनावी) कार्यों में लगाए जाने के विरोध में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त विकास समिति, झुंझुनूं के बैनर तले मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चुनावी ड्यूटी तत्काल निरस्त करने की मांग की। समिति अध्यक्ष ऊषा कुमारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर रोष जताया। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग और समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS) निदेशालय द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी हैं कि मानदेय पर कार्यरत आंगनबाड़ी कर्मियों से गैर-विभाग के कार्य न करवाए जाएं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें चुनाव ड्यूटी में भेजा गया तो आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित सेवाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी।

**रूडिप का जागरूकता कार्यक्रम**

## सीवरेज प्रणाली का सही उपयोग एवं रख-रखाव पर समूह बैठक में संवाद

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की ओर से जोधपुर शहर में आमजन की सुविधा के लिए सीवरेज प्रणाली के कार्य करवाने के साथ ही जन सहभागिता सुनिश्चित करके सीवरेज प्रणाली के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से रूडिप जोधपुर अधीक्षण अभियंता संजय माथुर के निर्देशन में सामूदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई द्वारा ज्योति नगर मे सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक मे महिलाओ व कॉलोनी वासियो को सीवरेज प्रणाली और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया । कार्यक्रम में रूडिप कैप टीम मैम्बर धीरेन्द्र वैष्णव ने महिलाओं को सीवरेज प्रणाली के लाभ, सही उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक साझा जिम्मेदारी है, घरेलु सीवरेज कनेक्शन से जुडे स्नानघर व रसोईघर मे जाली अवश्य लगायें, सीवर लाईन में किसी भी प्रकार का ठोस अपशिष्ट प्रवाहित नहीं करें तथा सीवर सिस्टम के उपयोग में सावधानी रखने की अपील की। विकास कार्यो में महिलाओं की भुमिका पर चर्चा करते हुए लक्ष्मी सैनी ने स्वच्छता के महत्व को समझाया तथा कहा कि अपने घरों के आस-पास स्वच्छता रखें व ठोस कचरे का निस्तारण सही तरह से करने के लिए प्रेरित किया। संवेदक फर्म के सोशल आउटरिच टीम से मुन्नालाल एवं कमलेश ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान की उल्लेखनीय प्रगति, देश में चौथा स्थान

# समय पर भुगतान, फसल कटाई प्रयोग के क्रियान्वयन में राजस्थान का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### *किसानों को अब तक 7,800 करोड़ रुपए का प्रीमियम के विरूद्ध फसल बीमा क्लेम के रूप में 35,600 करोड़ रुपए का भुगतान*

**थिंक राजस्थान • जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी एवं तकनीक आधारित क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा राज्यों के योजना-विशिष्ट मापदण्डों के आधार पर तैयार रैंकिंग में राजस्थान ने 43.5 अंक प्राप्त कर देश में चौथा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा फसल बीमा प्रक्रिया में तकनीक के बढ़ते उपयोग, पारदर्शिता, समयबद्ध कार्यवाही तथा किसानों तक योजना का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करती है।

**देश के अग्रणी राज्यों में राजस्थानः** भारत सरकार ने देश के सभी राज्यों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संचालन का 10 बिन्दुओं के प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया है। मूल्यांकन में असम 55.5 अंकों के साथ प्रथम, उत्तर प्रदेश 47.5 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। राजस्थान 43.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसके बाद उत्तराखंड, हरियाणा, पुडुचेरी और महाराष्ट्र पर रहे। इस प्रकार राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

राजस्थान के प्रदर्शन की विशेष उपलब्धि फसल कटाई प्रयोग को ऐप माध्यम से ऑनलाईन किए जाने और येसटेक के क्रियान्वयन में सामने आई है। राज्य को इन दोनों मापदण्डों पर 10-10 अंक प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त केसीसी खातों के एनरोलमेंट से संबंधित मापदण्ड में राजस्थान को 7.5 अंक, शिकायत निवारण में 6 अंक प्राप्त हुए। फसल कटाई प्रयोग को ऐप माध्यम से डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से फसल उपज के आकलन को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने में सहायता मिलती है। भारत सरकार के मूल्यांकन फ्रेमवर्क में 90 प्रतिशत से अधिक फसल कटाई प्रयोग को ऐप के माध्यम से किए जाने पर अधिकतम 10 अंक निर्धारित हैं। इसी प्रकार येसटेक के अंतर्गत तकनीक आधारित उपज आकलन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मूल्यांकन में 90 प्रतिशत से अधिक जिलों में येसटेक अपनाने वाले राज्यों के लिए अधिकतम 10 अंक का प्रावधान किया गया है, और राजस्थान को इस पैरामीटर में पूरे 10 अंक मिले हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त करना महत्वपूर्ण उपलब्धि

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त करना राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विशेष रूप से फसल कटाई प्रयोग को ऐप माध्यम से करने एवं येसटेक जैसे तकनीकी मापदण्डों में पूर्ण अंक प्राप्त होना कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग की दिशा में राज्य की प्रगति को दर्शाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगामी समय में योजना के अन्य मापदण्डों-विशेषकर बीमा कवरेज, समयबद्ध दावा निस्तारण, उपज आंकड़ों की शीघ्र स्वीकृति तथा सुधार करते हुए किसानों को त्वरित, पारदर्शी और सुगम फसल बीमा सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

### किसान हित, पारदर्शिता व डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में अच्छा कदम

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि फसल बीमा व्यवस्था को केवल क्षतिपूर्ति की योजना तक सीमित न रखते हुए इसे डेटा एवं तकनीक आधारित, पारदर्शी और किसान केंद्रित व्यवस्था के रूप में विकसित किया जाए। उन्होने कहा कि डिजिटल तकनीक के अधिकाधिक उपयोग से फसल नुकसान के आकलन, दावों के निस्तारण, शिकायत समाधान तथा योजना की निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार के रैंकिंग फ्रेमवर्क में राज्यों का मूल्यांकन अधिसूचना जारी करने की समयबद्धता, राज्यांश सब्सिडी का भुगतान, फसल कटाई प्रयोग को ऐप माध्यम का उपयोग, सकल फसल क्षेत्र में बीमा कवरेज, वास्तविक उपज की स्वीकृति, दावा भुगतान की समयबद्धता, केसीसी खातों का नामांकन, येसटेक तथा किसान शिकायतों के समाधान जैसे महत्वपूर्ण मानकों पर किया गया है।

### किसानों को 7,800 करोड़ रुपए का प्रीमियम के विरुद्ध फसल बीमा क्लेम के रूप में 35,600 करोड़ रुपए का भुगतान

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि राजस्थान में खरीफ 2016 से खरीफ 2026 से अब तक 25.47 करोड़ फसल बीमा पॉलिसी सृजित की गयी हैं। वही किसानों ने इस अवधि में 7,800 करोड़ रूपये का प्रीमियम भरा एवं बदले में फसल बीमा क्लेम के रूप में 35,600 करोड़ रूपये का भुगतान किसानों को हुआ है, जो कि किसानों द्वारा अदा किए गए प्रीमियम का 4.5 गुणा है। इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार दोनों ने लगभग 19-19 हजार करोड़ रूपये का प्रीमियम के रूप में अंशदान दिया। राजस्थान के लगभग 90 प्रतिशत फसल कटाई प्रयोग ऐप के माध्यम से ऑनलाईन हुए जो देश में सर्वाधिक है। इसी प्रकार फसल बीमा पोर्टल के साथ भूमि अभिलेख का एकीकरण करने वाला देश का तृतीय राज्य बना है। राज्य के 52946 गाँवों में से 47028 (89 प्रतिशत) गॉवों के भू-अभिलेख का पोर्टल के साथ एकीकरण किया जा चुका है। आयुक्त गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टोलरेन्स की नीति के अनुरूप फसल बीमा योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा ऐसा करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि 10 से अधिक प्रकरणों में एफआईआर भी दर्ज करायी जा चुकी है। शत-प्रतिशत फसल कटाई प्रयोग ऐप के माध्यम से ऑनलाईन करने के निर्देश दिए गए है।

# चाकसू में गोवंश की दुर्दशा पर बवाल: कूड़े-कचरे से हो रही गायों की मौत

## बीड़ संतोषपुरा वार्ड 30 चाकसू का मामला, गौशाला की व्यवस्था पर उठे सवाल, मोक्ष धाम के पास बदबू से लोगों का सांस लेना दुभर

थिंक राजस्थान • चाकसू

कस्बे के वार्ड नंबर 30 स्थित बीड़ ढाणी संतोषपुरा में गौशाला के पीछे गोवंश की दुर्दशा का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में नगर पालिका और प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि *नगर पालिका क्षेत्र में गायों की अकाल मृत्यु हो रही है। नगर पालिका द्वारा खुले में डाला जा रहा कूड़ा-कचरा खाकर गोवंश मर रहा है। गौशाला की व्यवस्थाओं पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं आरोप है कि गौशाला होने के बावजूद गोसेवकों द्वारा गायों को खुले में छोड़ दिया जाता है। गायें इधर-उधर भटक कर प्लास्टिक और कचरा खा लेती हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है,हद तो तब हो गई जब नगर पालिका द्वारा मरी हुई गायों को नियमानुसार दफनाने की बजाय जमीन में छोटा सा खड्डा खोदकर डाल दिया जाता है और ऊपर से मिट्टी व प्लास्टिक का कचरा डालकर दबा दिया जाता है। इस लापरवाही के चलते गोवंश के संरक्षण को लेकर शासन-प्रशासन और गोभक्तों की लापरवाही उजागर हो रही है। बताया जा रहा है कि इसी स्थान के पास मोक्ष धाम भी स्थित है, जहां बदबू के कारण अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। पूरे क्षेत्र में गंदगी और बदबू से लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है और बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की तैयारियों की समीक्षा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) श्री जवाहर चौधरी की अध्यक्षता में उनके कक्ष में प्रभारी अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में चुनाव से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू, व्यवस्थित एवं समयबद्ध संचालन के लिए सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय बनाए रखने तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### रामड़ावास कल्ला में एक शाम बालाजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

उपखंड क्षेत्र के क्षेत्र के रामड़ावास कल्ला गाव में जोराराम सोऊ की पुरानी ढाणी में मंगलवार दिन में एक शाम बालाजी महाराज के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें गांव की बस्ती के भारी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शरीक हुए। वहीं रामड़ावास कल्ला निवासी समाजसेवी ओमप्रकाश जोराराम सोऊ के सानिध्य में विशाल भजन संध्या दोरान प्रसिद्ध क्षैत्रिय कलाकार बालुदास वैष्णव एंड पार्टी द्वारा सर्वप्रथम गणपति वंदना से भजन संध्या का आगाज किया पश्चात गुरु वंदना के अलावा भगवान जम्भेश्वर व विल्होजी महाराज की भक्ति से ओत-प्रोत मधुर भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं से जमकर दाद लुटी है तथा कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति पर ग्रामीण श्रोतागण झूमने को भी मजबूर हुए हैं। भजन संध्या दोरान ढोलक पर हिमांशु व रिदम पेड मुकेश वैष्णव व जेठूदास वैष्णव की जुगलबंदी ने सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धालुओं का मन मोह लिया वहीं उपस्थित ग्रामीण श्रद्धालुओं द्वारा गो सेवा के लिए भी श्रद्धा अनुसार राशि भेट की गई है। भजन संध्या के साथ ही बालाजी की प्रसादी भी ग्रामीणो द्वारा ग्रहण की गई है।

**क्षैत्रिय कलाकारों द्वारा बालाजी की भक्ति से ओत-प्रोत सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को झूमने पर मजबूर किया**

### विश्व हृदय दिवस पर विद्यार्थियों को स्वस्थ हृदय के प्रति जागरूक किया

थिंक राजस्थान • फलौदी

सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड के सहयोग से माई स्टेम लैब द्वारा संचालित मोबाइल साइंस लैब परियोजना के तहत विश्व हृदय दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेतूसर, नेवा, बड़ी ढाणी, धोलिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय अजेरी एवं महात्मा गांधी माध्यमिक विद्यालय मालियों का बास बाप में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को हृदय को स्वस्थ रखने, हृदय रोगों से बचाव एवं स्वस्थ जीवन शैली के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए चित्रकारी एवं क्विज प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। परियोजना समन्वयक पुखराज माली ने विद्यार्थियों को विश्व हृदय दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ हृदय के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद एवं तनावमुक्त जीवन शैली आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रमों का आयोजन स्टेम ट्रेनर कृपालसिंह, अचलसिंह, जावेद हुसैन, कुंदनराम, मगाराम एवं सुमन के नेतृत्व में किया गया।

## 'विकसित भारत–जन सेवा अभियान' में कृषि विभाग की प्रभावी पहल

# मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण से 59 हजार 742 किसान लाभान्वित, विभागीय योजनाओं की जानकारी से 4.64 लाख से अधिक किसानों को मिला लाभ

थिंक राजस्थान • जोधपुर

प्रदेश में चल रहे 'विकसित भारत–जन सेवा अभियान' के तहत कृषि विभाग द्वारा किसानों तक योजनाओं और कृषि सेवाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा 26 से 28 सितंबर तक गिरदावर सर्किल पर ग्रामीण सेवा शिविर और ब्लॉक लेवल पर 19 से 25 सितम्बर तक आयोजित 'सेवा सेतु अभियान–ग्रामीण क्षेत्र' के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई।

आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने बताया कि अभियान के दौरान प्रदेश में कुल 59,712 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, जबकि 4 लाख 64 हजार किसानों को विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी से लाभान्वित किया गया। इससे किसानों को अपनी भूमि की मृदा स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी मिली।

उन्होंने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण में सवाई माधोपुर जिले में 6,685, करौली में 5,117, नागौर में 3,532, डीडवाना कुचामन में 2,718 तथा झुंझुनू में 2,522 कार्ड वितरित किए गए। वहीं विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी से लाभान्वित किसानों की संख्या में सवाई माधोपुर 40,473, जयपुर 32,340, जोधपुर में 26,370, भीलवाड़ा 20,304, सिरोही 18,371 तथा सीकर 18118 सहित कई जिलों में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई।

### मृदा स्वास्थ्य कार्ड से मिट्टी की सेहत का परीक्षण

कृषि विभाग द्वारा किसानों को मिट्टी की वास्तविक स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत खेत से मिट्टी का नमूना लेकर वैज्ञानिक विधि से उसकी जांच की जाती है तथा जांच के आधार पर किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड में मिट्टी में उपलब्ध प्रमुख एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की स्थिति के साथ-साथ फसल के अनुसार आवश्यक पोषक तत्वों एवं उर्वरकों की मात्रा की सिफारिश दी जाती है। इससे किसान को यह जानने में मदद मिलती है कि उसके खेत में कौन-से पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में हैं और किन तत्वों की कमी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक, आयरन, कॉपर, मैंगनीज, बोरॉन, पीएच, विद्युत चालकता तथा ऑर्गेनिक कार्बन सहित 12 मानकों की जांच की जाती है। जांच के आधार पर उर्वरकों, जैव उर्वरकों, जैविक खाद तथा आवश्यक मृदा सुधारकों के उपयोग के संबंध में सलाह दी जाती है।

### किसानों तक पहुंच रही योजनाओं की जानकारी

अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं, सुविधाओं एवं तकनीकी सेवाओं की जानकारी उनके निकट उपलब्ध कराना है, ताकि पात्र किसान समय पर योजनाओं का लाभ उठा सकें। विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जा रहा है। कृषि विभाग की ओर से 'विकसित भारत–जन सेवा अभियान' (17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने का अभियान निरंतर जारी है। इससे किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ कृषि सेवाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिल रही है।

### मिट्टी जरूरत के अनुसार ही खाद का उपयोग

मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उद्देश्य किसानों को बिना आवश्यकता अधिक मात्रा में उर्वरकों के उपयोग से बचाते हुए मिट्टी की आवश्यकता के अनुरूप पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे अनावश्यक उर्वरक खर्च को कम करने, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा दीर्घकाल में टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

# पंचायती राज चुनाव की तैयारियां तेज, नियंत्रण कक्ष व हेल्प डेस्क गठित

## विभिन्न प्रकोष्ठों को सौंपी जिम्मेदारियां, व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहे

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायती राज आम चुनाव 2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए निर्वाचन विभाग ने चुनावी तैयारियों को गति दे दी है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों एवं आम मतदाताओं को आवश्यक जानकारी एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पंचायत समिति कार्यालय परिसर में नियंत्रण कक्ष एवं हेल्प डेस्क का गठन कर कार्मिकों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही चुनाव से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग प्रकोष्ठ गठित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायती राज चुनाव के दौरान किसी भी प्रत्याशी अथवा आम मतदाता को निर्वाचन संबंधी कार्यों में परेशानी नहीं हो, इसके लिए पंचायत समिति कार्यालय परिसर में नियंत्रण कक्ष एवं हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। यहां निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ विभिन्न निर्वाचन कार्यों का समन्वय एवं निष्पादन किया जाएगा।

### अलग-अलग प्रकोष्ठों को सौंपी जिम्मेदारियां

निर्वाचन तैयारियों के तहत आईटी सेल, चुनाव, अनुमति, लेखा, प्रशिक्षण, वाहन, स्वीप, शिकायत एवं मीडिया प्रकोष्ठ सहित विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया गया है। संबंधित प्रकोष्ठों में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्व सौंपे गए हैं। निर्वाचन विभाग की ओर से सभी प्रकोष्ठों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### अधिकारी-कर्मचारी जुटे तैयारियों में

पंचायती राज चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव शाखा प्रभारी ललित कुमार दवे, सुरेश कुमार व्यास, स्वीप प्रभारी अनिल नामा, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, सहायक मीडिया प्रभारी अभिषेक चतुर्वेदी, रमेश अणकिया, मनोज रांगी, राजेश कुमार सैन, लोकेश दवे एवं पारसराम प्रजापत सहित अधिकारी एवं कर्मचारी विभिन्न चुनावी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। विभाग का प्रयास है कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय बना रहे तथा प्रत्याशियों और मतदाताओं को समय पर आवश्यक जानकारी एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## जोधपुर में बिना अनुमति नहीं उड़ा सकेंगे ड्रोन

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र में आगामी दिनों में संभावित वीवीआईपी दौरों तथा वायुसेना स्टेशन जोधपुर में आयोजित हो रहे अंतर्राष्ट्रीय सैन्य अभ्यास तरंग शक्ति-2026 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिना अनुमति ड्रोन एवं किसी भी प्रकार के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय एवं यातायात) जोधपुर शहीन सी. द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया गया है।

आदेश के तहत जोधपुर आयुक्तालय के सम्पूर्ण पुलिस थाना क्षेत्र में बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था ड्रोन या अन्य किसी प्रकार के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट का संचालन/उपयोग नहीं कर सकेगा। पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय एवं यातायात) जोधपुर शहीन सी ने बताया कि यह 29 सितम्बर, 2026 से लागू होकर 15 अक्टूबर, 2026 को सायं 05.00 बजे तक (या इससे पूर्व निरस्त किए जाने तक) प्रभावी रहेगी।

# संत रविदास एवं वाल्मीकि संस्कार केंद्र का वार्षिकोत्सव संपन्न

## बच्चों को गणवेश वितरित, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रदर्शनी ने मोहा मन

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, सरदारशहर द्वारा संचालित संत रविदास एवं वाल्मीकि सरस्वती संस्कार केंद्र का वार्षिकोत्सव एवं गणवेश वितरण कार्यक्रम 24 सितंबर को वाल्मीकि बस्ती स्थित बाबा रामदेव मंदिर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान क्षेत्रीय संस्कार केंद्र प्रमुख महिपाल रहे। मुख्य अतिथि रवि सोनी और शरद भागचंदानी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन, दीप मंत्र और सरस्वती वंदना के साथ किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य रामसिंह शेखावत ने अतिथियों का परिचय करवाया तथा वरिष्ठ आचार्य कमलेश सोनी ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर रवि सोनी ने संत रविदास संस्कार केंद्र और शरद भागचंदानी ने वाल्मीकि संस्कार केंद्र के बच्चों को गणवेश वितरित की। अनिल प्रिंटर्स की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं नवाचार एवं कौशल विकास कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रदर्शनी में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य वक्ता महिपाल ने बच्चों को अच्छे संस्कार देने और स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त परिवार और स्वच्छ वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रेरक रोहिताश सोनी, समाजसेवी बालचंद लावा, पंकज सोनी, छगन सेवदा, पर्वत सोनी, चूरू संकुल संस्कार केंद्र प्रमुख हितेश सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। डॉ. भीमराव अंबेडकर एकता मंच की टीम ने विशेष सहयोग किया। संदीप कंदोई ने प्रसाद वितरण, एक गुप्त भामाशाह ने नींबू पानी तथा निरंजन सिंह परिहार ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के आचार्य एवं शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों, सहयोगकर्ताओं, अभिभावकों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## शाम 5:55 बजे सुमेरपुर से जोधपुर पहुंचेंगे

# सीएम भजनलाल शर्मा का आज जोधपुर आएंगे, जनप्रतिनिधियों से करेंगे संवाद

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बुधवार, 30 सितंबर, 2026 को एक दिवसीय दौरे पर जोधपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सायं 5:55 बजे सुमेरपुर (पाली) से हैलीकॉप्टर द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे कार द्वारा मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर के लिए प्रस्थान करेंगे। शर्मा सायं 6:10 बजे मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर पहुंचेंगे। यहां सायं 6:10 बजे से 7:40 बजे तक जोधपुर एवं फलोदी जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री सायं 7:40 बजे मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर से जोधपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। वे सायं 7:55 बजे विशेष विमान से जयपुर के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के जोधपुर दौरे के दृष्टिगत जिला कलक्टर आलोक रंजन ने विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन कर, अधिकारियों को दायित्व सौंपे। श्री रंजन ने मंगलवार को अपने कक्ष में इस संक्षिप्त प्रवास से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 70वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जोधपुर की 14 वर्ष छात्र टीम घोषित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिला बांसवाड़ा में आयोजित होने वाली 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्ष छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जोधपुर जिले की क्रिकेट टीम का चयन किया गया है। प्रतियोगिता में जोधपुर का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में प्रतिभावान खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम के दल प्रभारी महेंद्र सिंह भाटी होंगे। वहीं प्रशिक्षक राकेश सिंह देवड़ा तथा सहायक प्रशिक्षक खेताराम बेनीवाल टीम के साथ रहेंगे। टीम की कप्तानी आयुष्मान मांजू करेंगे।

जोधपुर की 14 वर्ष छात्र क्रिकेट टीम में आयुष्मान मांजू, दिव्यजीत सोलंकी, जशनदीप सिंह, रिपुदमन सिंह, हर्षवर्धन सिंह, सौरभ गहलोत, कार्तिक सोनी, राजवीर मीना, नील परिहार, व्योम सांखला, अर्णव बिश्नोई, रणवीर सिंह, उज्जवलजीत सिंह, दिव्यम प्रजापत, दियाम राज तथा राजवीर बारासा का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जोधपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।



# ये प्रेम मोल लिया का गाना 'जय अंबे बोल' रिलीज

**मुंबई।** इस नवरात्रि पर सिंगर हिमेश रेशमिया एक नया गरबा सॉन्ग लेकर आए हैं। सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना दर्शकों का दिल जीत रहा है। त्योहारों के मौसम से पहले रिलीज किया गया यह गाना हिमेश के म्यूजिक कॅरियर का पहला गरबा गाना है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया 'जय अंबे बोल' गाना गरबा सेलिब्रेशन के उत्साह बढ़ाता नजर आ रहा है। गाने को श्रेया घोषाल और हिमेश रेशमिया ने आवाज दी है। मयूर पुरी की कलम से निकले इस गाने को हिमेश ने अपना म्यूजिक देकर खास बना दिया है। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'ये प्रेम मोल लिया' का यह गाना टाइटल ट्रैक के रिलीज होने के बाद आया है।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

पेरिस फैशन वीक से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर अपने शानदार अंदाज को लेकर चर्चा बनी हुई हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दरअसल, एक्ट्रेस 28 सितंबर को पेरिस फैशन वीक इवेंट का हिस्सा बनीं, जहां से अब उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। ऐश्वर्या राय ने एफिल टावर के सामने प्लेस जोफ्रे में केंडल जेनर और ईवा लोंगोरिया जैसी ग्लोबल आइकन्स के साथ रैंप वॉक किया। बता दें कि इस साल शो की थीम 'वॉक यॉर वर्थ' थी, जो आत्मविश्वास, विविधता और महिलाओं की एकजुटता का जश्न मनाती है। ब्यूटी ब्रांड की लंबे समय से ग्लोबल एंबेसडर रहीं ऐश्वर्या ने लोरियल पेरिस के 'ले डीफिल' के नौवें संस्करण में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेत्री शाही अंदाज में नजर आईं। उन्होंने डिजाइनर यारा शूमेकर का बनाया हुआ शानदार ब्लैक वेलवेट गाउन पहना था। अपने लुक को पूरा करने के लिए अभिनेत्री ने बालों को कर्ल किया और टियारा भी लगाया। वहीं, उन्होंने ड्यूई मेकअप और रेड लिपस्टिक के साथ अपने लुक को पूरा किया। इस सितारों से सजे शो में ऐश्वर्या ने सिमोन ऐश्ली, वियोला डेविस, जेन फोंडा और सेलीन डियोन सहित कई इंटरनेशनल को-एंबेसडर्स के साथ रैंप शेयर किया। शाम का एक खास पल तब देखने को मिला, जब ऐश्वर्या और सेलीन डियोन ने एक-दूसरे का हाथ थामा, गर्मजोशी से गले मिलीं और किस किया।

हॉलीवुड मसाला

# स्पाइडर-मैन ब्रांड... फिर लौटेगी

**नई दिल्ली।** इस साल भारतीय सिनेमाघरों में अगर किसी हॉलीवुड फिल्म का बोलबला देखने को मिला था, तो वह स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे रही। टॉम हॉलैंड स्टारर इस सुपरहीरो फिल्म ने अपनी शानदार कहानी से भारतीय दर्शकों का दिल जीता। अब खबर आ रही है कि मेकर्स स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को री-रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। जिसे आने वाले 18 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यही कारण है कि मेकर्स ने ये योजना बनाई है कि वह एवेंजर्स डूम्सडे की रिलीज से पहले स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को दोबारा से बड़े पर्दे पर पेश करेंगे।



# दुनियाभर में स्ट्रीम होगा शकीरा का कॉन्सर्ट...

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार शकीरा इन दिनों अपने कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह इन दिनों अपने 'लास मुजेरेस या नो लोरान वर्ल्ड टूर' पर हैं। इस टूर के तहत सिंगर तीन अक्तूबर को मैड्रिड में होने वाले अपने कॉन्सर्ट को दुनिया भर में लाइव-स्ट्रीम करेंगी। यह पहली बार होगा जब शकीरा का पूरा कॉन्सर्ट इस तरह से दुनियाभर में दिखाया जाएगा। भारत के फैंस भी इस कॉन्सर्ट का आनंद ले सकेंगे। भारत में मौजूद फैंस देर रात सिंगर की लाइव परफॉर्मेंस का आनंद ले सकेंगे। यह कॉन्सर्ट 4 अक्टूबर को रात 12:15 बजे अमेजन म्यूजिक इंडिया ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी और ट्विच पर अमेजन म्यूजिक चैनल पर स्ट्रीम होगा। इसके लिए किसी पेड सब्सक्रिप्शन की जरूरत नहीं है। मैड्रिड शो शकीरा के बहुत बड़े वर्ल्ड टूर के आखिरी पड़ावों में से एक है।

# अब 'पायर' सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के कुमाऊं की खूबसूरत वादियों में बसे एक बुजुर्ग दंपति की कहानी अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्ममेकर विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म में 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी पहली बार अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म प्यार, अकेलेपन, यादों और बच्चों के पलायन के बीच माता-पिता के इंतजार की कहानी बयां करती है। 'पायर' 23 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें कुमाऊं क्षेत्र के एक दूरदराज गांव की पृष्ठभूमि पर बनी एक बुजुर्ग दंपति की कहानी देखने को मिलेगी, जिनकी जिंदगी उनके घर, पुरानी यादों और एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूमती है।

# दृश्यम-3 के साथ रिलीज होगी प्रेम कीटाणु

**मुंबई।** 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और इस मौके पर सिनेमाघरों में 2 फिल्मों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। इस लंबे वीकेंड पर एक तरफ सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर 'दृश्यम 3' रिलीज हो रही है, तो दूसरी ओर 'प्रेम कीटाणु' जैसी हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। दोनों फिल्मों का जॉनर और टारगेट ऑडियंस काफी अलग है, ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इनकी टक्कर देखना दिलचस्प होगा। फिल्म में एक बार फिर सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और विजय की नई चाल देखने को मिलेगी। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 'दृश्यम 3' के बिल्कुल उलट 'प्रेम कीटाणु' दर्शकों को हल्का-फुल्का और रोमांटिक मनोरंजन देने वाली है।

टीवी मसाला

# खतरों के खिलाड़ी 15 : ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगे टॉप 5 कंटेस्टेंट्स

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 15' के ग्रैंड फिनाले की तारीख का ऐलान हो गया है। शो के सेमी फिनाले के बाद होस्ट रोहित शेट्टी ने बताया कि शो अब अपने आखिरी पड़ाव पर है, जहां टॉप 5 कंटेस्टेंट ट्रॉफी जीतने के लिए मुश्किल स्टंट्स में एक-दूसरे का मुकाबला करेंगे। फाइनलिस्ट्स को इस सीजन के कुछ सबसे मुश्किल टास्क का सामना करना होगा, जिससे उनके साहस, ताकत और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। फिनाले 3 और 4 अक्टूबर को रात 9 बजे कलर्स और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इस सीजन की शुरुआत 'ओल्ड वर्सेस न्यू' थीम के साथ हुई थी। इस हफ्ते सेमी फाइनल हुआ और शो को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया। फिनाले से कुछ दिन पहले ही रुहानिका धवन का सफर खत्म हो गया। वहीं अविनाश मिश्रा 'खतरों के खिलाड़ी 15' के पहले फाइनलिस्ट बन गए हैं। उन्होंने टॉप 5 में अपनी जगह पक्की कर ली है। अविनाश ने एक वॉटर स्टंट में करण वाही का मुकाबला किया और उसे जीतकर सीधे फिनाले के लिए क्वालिफाई कर लिया। अब उन्हें फाइनल स्टंट से ठीक पहले वाला स्टंट करने का मौका मिलेगा। रोहित शेट्टी ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 5 से बतौर होस्ट इसकी शुरुआत की थी और तब से लेकर अब तक शो के होस्ट बने हुए हैं। बीच में सीजन 7 को छोड़कर उन्होंने सीजन 8 से लेकर अब तक लगातार इस शो की कमान संभाली है।

## राशन टास्क में कनिका-काजी की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के सीजन 20 ने अब अपनी रफ्तार पकड़ ली है। काजी तौकीर के फैंडम और सलमान खान के वीकेंड का वार ने शो को अलग लेवल पर पहुंचा दिया है। इस बीच घर में लड़ाई-झगड़ों का दौर भी जारी है। इस रिएलिटी शो में अक्सर देखा जाता है कि कंटेस्टेंट को ऐसा टास्क दे दिया जाता है, जिसमें कंटेस्टेंट का भिड़ना लाजिमी हो जाता है। इस बार राशन टास्क में भी कुछ वही देखने को मिलने वाला है। राशन टास्क के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है, जिसमें कनिका मान और काजी तौकीर एक दूसरे से भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। जियोहॉटस्टार ने इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर बिग बॉस 20 के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो शेयर किया है। 30 सेकेंड के इस प्रोमो में दिखाया गया है कि कैसे घरवाले राशन टास्क में राशन इकट्ठा करने की जद्दोजेहद कर रहे हैं। प्रोमो में बिग बॉस घरवालों से कहते हैं, 'घरवालों आस-पास है आपके वीकली राशन के कुछ आइटम्स. जो भी आइटम्स कार्य के अंत में डिलिवर्ड होंगे, वो राशन में से कट हो जाएंगे।'



# शांतनु को राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**मुंबई।** मध्य प्रदेश सरकार ने सोमवार को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। बता दें कि यह पुरस्कार इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया। इंदौर लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। यह कार्यक्रम उनकी 97वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। मोहन यादव ने शांतनु मोइत्रा के भारतीय संगीत में योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मोइत्रा ने अपनी प्रतिभा से देश के संगीत जगत को समृद्ध किया है। वहीं, संगीतकार मोइत्रा ने सम्मान के लिए मध्य प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लता मंगेशकर के नाम पर उनकी जन्मस्थली में और उनकी जयंती के दिन पुरस्कार मिलना उनके लिए भावुक और गर्व का पल है। शांतनु मोइत्रा भारतीय सिनेमा के प्रमुख संगीतकार और बैकग्राउंड स्कोर कम्पोजर हैं। 'परिणीता', 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'लगे रहो मुन्नाभाई', '3 इडियट्स', 'मद्रास कैफे', 'पीकू', 'अक्टूबर' और '12वीं फेल' जैसी फिल्मों में उनके संगीत को पहचान मिली। वर्ष 2014 में तेलुगु फिल्म 'ना बंगारू तल्ली' के लिए शांतनु को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग ने 1984 में की थी। यह पुरस्कार हर साल हल्के संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। अब तक नौशाद, किशोर कुमार, सोनू निगम, एआर रहमान, अनु मलिक, उदित नारायण और आशा भोसले समेत कई प्रसिद्ध कलाकारों को यह पुरस्कार मिल चुका है।

# गांव की 'काली खेती' में दबे हुए राज दहलाएंगे दिल

**नई दिल्ली।** अक्टूबर के महीने में कई नई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक फिल्म हॉरर थ्रिलर है जो गांव की सुपरनैचुरल कहानी को पर्दे पर दिखाएगी। हाल ही में, मेकर्स ने नई हॉरर फिल्म का ऐलान किया है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म है 'काली खेती'। जैकी श्रॉफ ने 29 सितंबर को अपनी नई फिल्म 'काली खेती' का ऐलान किया है। यह एक सुपरनैचुरल रूरल थ्रिलर है। इसका पहला मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है। दिल दहलाने वाले पोस्टर में अंधेरी रात, लालटेन और राक्षस दिखाया गया है। पोस्टर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी रोंगटे खड़े करता है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए जैकी श्रॉफ ने कैप्शन में लिखा, 'रोशनी बुझने न देना, खेती जागने वाली है।' साथ ही फिल्म की स्टार कास्ट का नाम भी रिवील कर दिया गया है। फिल्म में जैकी और शरद के अलावा 'मिर्जापुर' की एक्ट्रेस नेहा सरगम भी अहम भूमिका में हैं। हारिस इम्तियाज खान के निर्देशन में बन रही 'काली खेती' की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। ब्लैककैनवस स्टूडियो के बैनर तले सना खान फिल्म का निर्माण कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर का होगा जबरदस्त धमाका

# अक्टूबर में थिएटर में आएगा इन साउथ फिल्मों का तूफान

*नई दिल्ली। अक्टूबर 2026 की शुरुआत होने वाली है। उए महीना शानदार फिल्मों से भरा होने वाला है। अगर साउथ सिनेमा की बात करें तो इस महीने में एक या दो नहीं, बल्कि 11 जबरदस्त फिल्में थिएटर पर दस्तक देंगी। मलयालम तमिल और तेलुगू फिल्मों का धमाका होने वाला है। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और जबरदस्त थ्रिलर इन फिल्मों में देखने के लिए मिलने वाला है।*

**बथ्था** : बथ्था नाम की एक तमिल फिल्म थिएटर में दस्तक देने वाली है। ये एक एक्शन ड्रामा-थ्रिलर फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में विजय सेतुपति और बालाजी थारानीथ्रण अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म 1 अक्टूबर गुरुवार को थिएटर में दस्तक देगी।

**येझू कदाल येझू मलाई** : येझू कदाल येझू मलाई नाम की एक और तमिल फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी दो अनजान शख्स की जर्नी की है। इस फिल्म में निविन पॉली, सूरी ने काम किया है। फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

**सिग्मा** : सिग्मा नाम मी एक तमिल फिल्म आ रही है। ये जबरदस्त एक्शन से भरी एक एडवेंचर फिल्म होने वाली है जिसमें संदीप किशन लीड रोल में दिखेंगे। इसका डायरेक्शन जेसन संजय ने किया है। फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

**डोंट ट्रबल द ट्रबल** : डोंट ट्रबल द ट्रबल एक तेलुगू फिल्म है जिसमें फहद फासिल लीड रोल में दिखेंगेहैं। फिल्म में जबरदस्त कॉमेडी और एक्टर्स नजर आने वाले हैं। 2 अक्टूबर को थिएटर में होगा धमाका।

**अंबिल अवान** : अंबिल अवान एक नवविवाहिता जोड़े की कहानी है। दोनों एक मुसीबत में फंस जाते हैं। फिल्म में एक्शन और रोमांस भर भर के देखने को मिलने वाला है। इस फलम में अशोक सेल्वन और प्रीति मुकुंदन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

**बेल** : फिल्म बेल एक पुलिस ऑफिस की कहानी है जो मिलनसार होता है। लेकिन एक घटना उसका पूरा जीवन बदल देती है। इस फिल्म में संजना आनंद, गोपालकृष्ण देशपांडे और रमेश इंदिरा जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर।

**आदर्श कुटुम्बम** : आदर्श कुटुम्बम हाउस नंबर 47 नाम की फिल्म में एक्टर वेंकटेश ने लीड रोल निभाया है। इस तेलुगू फिल्म की कहानी हाउस नंबर 47 में रहने वाले एक परिवार की है। फिल्म एक्शन और क्राइम से भरी हुई है। इस फिल्म को आप 9 अक्टूबर को थिएटर में देख सकते हैं।

**विश्वंभरा** : विश्वंभरा नाम की एक फिल्म आ रही है। इस फिल्म की कहानी एक पौराणिक कथाओं पर आधारित है। फलम में देवी देवताओं, राजकुमार और परलोक की दुनिया को दिखाया गया है। ये फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म में आशिका रंगनाथ, चिरंजीवी, मौनी रॉय लीड रोल में दिखेंगी।

**राणाबली** : विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद साथ में पहली फिल्म राणाबली रिलीज हो रही है। ये फिल्म 1870 के दशक के एक योद्धा की कहानी है जिसने ब्रिटिश के लोगों से टक्कर ली थी। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

**अप्पा कुट्टी** : अप्पा कुट्टी नाम की एक तमिल फिल्म आने वाली है। फिल्म की कहानी एक फैमिली ड्रामा है जो एक्शन और से भरपूर है। अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए एक पिता क्या कदम उठता है ये उस बारे में हैं। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में विजय एंटोनी और प्रीति असरानी हैं।

**टाइटन्स** : टाइटन्स नाम की एक मलयालम फिल्म इस अक्टूबर, 2026 में दस्तक देने वाली है। फिल्म के नाम और पोस्टर से तो ये एक एक्शन फिल्म लग रही है। लेकिन असल में ये एक फैंटसी कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में जयसूर्या, विनायाकन दिखेंगे। ये फिल्म 22 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

# 8 साल का इंतजार खत्म, पंघाल फाइनल में, परवीन ने ठोकी दावेदारी

एजेंसी ▸▸| निशियो

अंकुश पंघाल ने एशियाई खेलों में पुरुष मुक्केबाजी के फाइनल में पहुंचकर भारत का 8 साल का इंतजार खत्म किया, वहीं परवीन हुड्डा ने शानदार जीत के साथ महिलाओं के 65 किलोग्राम वर्ग में खिताबी मुकाबले में जगह बनाई लेकिन नरेंद्र बेरवाल को 90 किलोग्राम से अधिक वर्ग के सेमीफाइनल में बाहर होने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। परवीन ने 65 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन के ली शू को 5-0 से हराया। इसके बाद अंकुश ने 80 किलोग्राम वर्ग पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए उज्बेकिस्तान के फजलुद्दीन एरकिनबोएव को 4-1 से हराया। एरकिनबोएव 75 किलोग्राम भार वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं।

अनुभवी मुक्केबाज बेरवाल को सेमीफाइनल में कजाखस्तान के मौजूदा सुपर हैवीवेट विश्व चैंपियन आइबेक ओरलबाय के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। बेरवाल ने इसके साथ ही एशियाई खेलों में एक और कांस्य पदक अपने नाम किया। वह 2023 में चीन में हुए पिछले एशियाई खेलों में भी सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गए थे।

### पंघाल ने रचा इतिहास

*अंकुश पंघाल आठ साल में एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए हैं। अमित पंघाल ने 2018 में 49 किलोग्राम वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर आखिरी बार यह उपलब्धि हासिल की थी। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अंकुश ने एरकिनबोएव के खिलाफ जबरदस्त जुझारूपन दिखाया। उन्होंने धीमी शुरुआत से उबरते हुए अंतिम दौर में दबदबा बनाया और यादगार जीत हासिल की।*



### टेनिसः प्री-क्वार्टर फाइनल में नागल-दक्षिणेश्वर



नागोया। एशियाई खेलों में मंगलवार को सुमित नागल और दक्षिणेश्वर सुरेश ने टेनिस के पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर के मैचों में शानदार जीत हासिल की और प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

सुमित ने दूसरे दौर में 2023 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के सेओंगचान होंग को 6-4, 6-0 से हराया, जबकि सुरेश ने इंडोनेशिया के गुनावान त्रिसुवंतारा पर कड़े मुकाबले में 7-5, 7-6 (2) से जीत दर्ज की। मौसम की खराबी के कारण सोमवार को सुमित और हांग का मैच रोक दिया गया जबकि पहले सेट में सुमित 3-2 से आगे थे। कोरियाई खिलाड़ी ने वापसी की और मंगलवार को फिर से शुरू होने पर पहले आठ अंक जीते क्योंकि सुमित पहले मैच में 3-4 से पीछे था। हालांकि, सुमित ने सेट और बाद में मैच अपने नाम करने के लिए लगातार नौ गेम जीते। सुमित एटीपी मास्टर्स 1000 इंडियन वेल्स क्वालीफाइंग राउंड में हांग से 6-2, 2-6, 6-7 (4) से हार गए थे।

### मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना : अंकुश

*अंकुश ने कहा, 'मैं एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के दौरान भी इस प्रतिद्वंदी के खिलाफ खेल चुका था और मैं वह मुकाबला हार गया था। हमने उसके मुकाबलों के वीडियो देखे और अपनी रणनीति बनाई। मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है।'*

### मैं थोड़ी घबराई हुई थी : परवीन

*परवीन दिव्यांज एमसी मैरी कॉम (जिन्होंने 2014 में खिताब जीता था) और लवलीना बोरगोहेन (जिन्होंने पिछले खेलों में रजत पदक जीता था) के बाद एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला मुक्केबाज भी बन गई हैं। परवीन ने कहा, 'मुकाबला अच्छा रहा। मैं थोड़ी घबराई हुई थी, क्योंकि उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैंपियन को हराया था। मैं उसी खिलाड़ी का सामना करने की तैयारी कर रही थी, इसलिए मुझे अपनी रणनीति बदलनी पड़ी। मैंने जवाबी मुक्कों के जरिए अच्छा प्रदर्शन किया।'*

## वॉलीबॉलः कतर को हराकर क्वार्टर फाइनल में भारत

*नागोया। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने मंगलवार को कतर को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पूल सी के मैराथन मुकाबले में भारत ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए कतर को 26-28, 25-27, 25-23, 25-20, 24-22 से हराया। मुकाबला दो घंटे 47 मिनट तक चला। चारों क्वार्टर फाइनल मुकाबले गुरुवार को खेले जाएंगे। भारत ने इससे पहले अपने शुरुआती दो मैच में वियतनाम को 3-0 (25-23, 25-21, 25-20) और हांगकांग चीन को 3-0 (25-22, 25-19, 25-21) से हराया था। कतर के खिलाफ भारत की ओर से जेरोम विनीत ने 27 अंक जुटाए जिसमें सभी अंक स्मैश के जरिए आए। अमित सिंह बलवान ने 24 अंक बनाए जिसमें 22 अंक स्मैश और दो ब्लॉक से मिले। जोएल बेंजामिन जेबराज ने भी दोहरे अंक में स्कोर किया। उन्होंने 17 अंक जुटाए, जिसमें 14 स्मैश, दो ब्लॉक और एक सर्विस अंक शामिल था।*

### स्पीड क्लाइंबिंगः क्वार्टर फाइनल में जोगा पूर्ति

नागोया। भारतीय किशोरी जोगा पूर्ति ने क्वालीफाइंग राउंड में नौवें स्थान पर रहकर एशियाई खेलों की महिला स्पीड क्लाइंबिंग स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जमशेदपुर की 19 वर्षीय खिलाड़ी जोगा ने पोर्टमेसे नागोया प्रदर्शनी हॉल में 15 मीटर ऊंची दीवार पर चढ़ने में अपना सर्वश्रेष्ठ समय 7.28 सेकंड दर्ज किया। क्वार्टर फाइनल बुधवार को होगा। चीन की लिजुआन डेंग ने 6.23 सेकंड के एशियाई खेलों के रिकॉर्ड के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसके बाद दक्षिण कोरिया की जिमिन जियोंग रहीं।

### तीरंदाजी : क्वार्टर फाइनल में भारत

भारतीय तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा नीरज चौहान और कुमकुम मोहोद अनिल ने एशियाई खेलों में मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। प्री-क्वार्टर फाइनल में नीरज ने दक्षिण कोरिया के 22 वर्षीय किम जे डिओक को 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। किम तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। नीरज ने मुकाबला 30-28, 29-29, 29-30, 29-29, 29-27 के स्कोर से अपने नाम किया। धीरज ने चीनी ताइपे के चेंग हिसयांग-हुई को 6-2 से मात दी। धीरज ने 29-27, 27-28, 30-28, 29-28 के स्कोर से जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में धीरज का सामना उज्बेकिस्तान के अमिरखोन सादिकोव से होगा, जबकि नीरज चौहान भूटान के लाम दोरजी के खिलाफ उतरेंगे।

## देव मीना ने 5.50 मीटर की छलांग से बनाया नया रिकॉर्ड

भोपाल। एशियन गेम्स में मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ी देव कुमार मीना ने पुरुष पोल वॉल्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स के पुरुष पोल वॉल्ट फाइनल में देव कुमार मीना ने 5.50 मीटर की ऊंचाई पार कर भारतीय एथलेटिक्स में नया कीर्तिमान स्थापित किया।देव कुमार मीना ने 5.50 मीटर की ऊंचाई पार कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया, जबकि कुलदीप कुमार ने 5.35 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए प्रतियोगिता में 10वां स्थान हासिल किया।

### कुलदीप कुमार ने 5.35 मीटर पार कर हासिल किया 10वां स्थान

मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के ही खिलाड़ी कुलदीप कुमार ने भी पुरुष पोल वॉल्ट फाइनल में दमदार प्रदर्शन किया। कुलदीप ने 5.35 मीटर की ऊंचाई सफलतापूर्वक पार करते हुए 10वां स्थान हासिल किया। एशियन गेम्स जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर देव मीना और कुलदीप कुमार की मौजूदगी और प्रदर्शन मध्यप्रदेश की एथलेटिक्स प्रतिभाओं की मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है।

### कैनो स्लैलम पैडलर्स

## भारतीय टीम सेमीफाइनल में

भारतीय कैनो स्लैलम पैडलर्स ने एशियाई खेलों में मंगलवार को पुरुषों की कयाक एकल और महिलाओं की कैनो एकल स्पर्धाओं में सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पुरुषों की कयाक एकल स्पर्धा में हितेश केवट 118.22 सेकंड के समय के साथ आठवें, जबकि प्रद्युम्न सिंह राठौड़ 127.70 सेकंड का समय लेकर 10वें स्थान पर रहे। महिलाओं की कैनो एकल स्पर्धा में पल्लवी जगताप 224.20 सेकंड के समय के साथ सातवें, जबकि रीना सेन 342.72 सेकंड के समय के साथ नौवें स्थान पर रहीं।

चारों भारतीय पैडलर बुधवार को अपने-अपने सेमीफाइनल में हिस्सा लेंगे। बुधवार को ही पदक के लिए अंतिम दौर के मुकाबले भी होंगे।

महिला कयाक एकल स्पर्धा में शिखा चौहान ने 344.87 सेकंड के समय के साथ हीट में नीचे से दूसरा स्थान हासिल किया लेकिन वह सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही जो गुरुवार को होगा।

## ऑस्ट्रेलिया पर भारत का दबदबा, पारी और 48 रन से जीता टेस्ट

एजेंसी ▸▸| राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबले पहला अपने नाम कर लिया है। निरंजन शाह स्टेडिमय में खेले गए मैच के तीसरे दिन मेजबान टीम ने पारी और 48 रन से जीत हासिल करते हुए सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। सीरीज का अंतिम मैच 5 अक्टूबर से अहमदाबाद में आयोजित होगा।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 217 रन बनाए। इस टीम ने 27 के स्कोर तक 3 विकेट गंवा दिए थे।

### अंडर-19 : ईशान-यशबर्धन ने मिलकर चटकाए 10 विकेट

### ईशान की गेंदबाजी का कहर

*हॉलिक 59 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। इस बीच ब्लेक ने 14 चौकों के साथ 102 रन की पारी खेली। इनके अलावा, एली ब्रेन ने टीम के खाते में नाबाद 25 रन जुटाए। भारत के लिए ईशान ओम ने 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जबकि मोहित उत्चा ने 3 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, यशबर्धन चौहान को 2 विकेट हाथ लगे। इसके जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 494 रन बनाकर 277 रन की बढ़त हासिल कर ली। मेजबान टीम ने 46 के स्कोर तक 2 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद लक्ष्य रायचंदानी ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कप्तान यशबर्धन चौहान के साथ तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़कर टीम को 170 के स्कोर तक पहुंचाया। विपक्षी खेमे से कीसी बार्टन ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि थियो त्सिंगोस, स्पेंसर बीन और कॉनर वेगरी ने 2-2 विकेट चटकाए।*

## सेमीफाइनल में कल श्रीलंका से भिड़ेगी टीम इंडिया

निशिन। श्रीलंका और नेपाल का क्वार्टर फाइनल खराब मौसम के कारण रद्द होने के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में श्रीलंका से भिड़ेगी। श्रीलंका को अपनी बेहतर रैंकिंग के आधार पर सेमीफाइनल में जगह मिली। टीम रैंकिंग में श्रीलंका नौवें, जबकि नेपाल 14वें स्थान पर है। नागोया में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिसके कारण भारत के क्वार्टर फाइनल समेत अंतिम आठ के सभी मुकाबले बारिश की भेंट चढ़ गए।

### विमेंस टी20 रैंकिंग

## श्रीचरणी ने 817 रेटिंग के साथ तोड़ा मेगन शट का रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत की श्रीचरणी ने आईसीसी विमेंस टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में अब तक की सबसे ज्यादा रेटिंग का नया रिकॉर्ड बनाया है। एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद बाएं हाथ की स्पिनर अपने करियर के बेस्ट 817 प्वाइंट्स तक पहुंच गईं। श्री चरणी पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में 'वर्ल्ड नंबर-1' गेंदबाज हैं। अब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के (806 रेटिंग प्वाइंट्स) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिसे मेगन ने नवंबर 2018 में बनाया था। चरणी ने भारत की सफल यात्रा में अहम भूमिका निभाई और एशियन गेम्स में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए भारत को अपना गोल्ड मेडल बचाने में मदद की। एशिया कप 2026 में श्री चरणी ने 12 विकेट लेकर भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए थे।

### दीप्ति 754 प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर

एशियन गेम्स 2026 के फाइनल में दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के विरुद्ध 6 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने 754 प्वाइंट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 723 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एशियन गेम्स के फाइनल में 79 रन की पारी खेली थी, जिसके साथ उन्होंने टी20 फॉर्मेट में बल्लेबाजी की रैंकिंग में टॉप-5 में वापसी कर ली है। वेस्टइंडीज की ऑल-राउंडर हेली मैथ्यूज ने सीरीज के पहले मैच में 182 रनों की दमदार पारी खेली थी, जिसके बाद वह 711 प्वाइंट्स के साथ बैटिंग रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

### खबर संक्षेप

### 22 अक्टूबर से महिला इंडिया ओपन

नई दिल्ली। महिला इंडिया ओपन 2026 गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 22 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। गत चैंपियन सिंगापुर की शेनोन टेन अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगी जबकि 2024 की विजेता इंग्लैंड की लिज यंग और 2022 की विजेता जर्मनी की ओलीविया कोवान भी इस पांच लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगी। भारत की महिला गोल्फरों की नजरें 10 साल में पहली बार इंडिया ओपन का खिताब जीतने पर टिकी होंगी। भारतीय खिलाड़ियों में पिछली बार अदिति अशोक ने 2016 में यह खिताब जीता था। भारत को दीक्षा डागर से काफी उम्मीदें हैं। वह प्रणवी उर्स के साथ आइची-नागोया में चल रहे एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के बाद इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी।

## भारतवंशी बोधना 11 साल की आयु में बनीं ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▸▸| समरकंद

शतरंज की दुनिया में भारतवंशी बोधना सिवानंदन ने अपनी प्रतिभा का एक और बड़ा अध्याय लिख दिया है। महज 11 साल की आयु में बोधना सिवानंदन दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला ग्रैंडमास्टर बन गई हैं। उन्होंने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 2026 शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना तीसरा और आखिरी वुमन ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया।

## अफ्रीका में 24 साल बाद लौटेगा क्रिकेट का महाकुंभ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अगले साल होने वाले वन डे वर्ल्ड कप को लेकर अब इंतजार खत्म होने वाला है। आईसीसी 1 अक्टूबर को केपटाउन में टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल जारी करेगा। यह आयोजन वर्ल्ड कप के शुरू होने से ठीक एक साल पहले किया जा रहा है।

इस ऐलान के साथ फैंस को यह भी पता चलेगा कि कौन सी टीम किससे भिड़ेगी, मुकाबले किस वेन्यू पर खेले जाएंगे।

### वनडे विश्वकप 2027

2027 का विश्वकप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा। यह 2003 के बाद पहली बार होगा जब पुरुषों का वनडे वर्ल्ड कप अफ्रीकी महाद्वीप में लौटेगा। इस बार टूर्नामेंट में 14 टीमें हिस्सा लेंगी। आईसीसी ने इसके लिए नया तीन-चरण वाला फॉर्मेट भी पेश किया है, जिसमें सुपर सीरीज, मुख्य राउंड और सुपर 7 के बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे। कुल 57 मुकाबले निर्धारित किए गए हैं।

### 14 टीमों में 10 की तस्वीर साफ

*वर्ल्ड कप में कुल 14 टीमें खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे मेजबान के तौर पर पहले ही जगह बना चुके हैं, जबकि बाकी आठ सीधे स्थान वनडे रैंकिंग के आधार पर तय होंगे।*

### नेशंस कप : फ्रांस ने दी बेल्जियम को करारी मात

## तुर्किये को हराकर इटली ने की धमाकेदार वापसी

एजेंसी ▸▸| मिलान

रॉबर्टो मैनसिनी के मार्गदर्शन में इटली की टीम ने बेहद कम समय में शानदार बदलाव के संकेत देते हुए नेशंस कप फुटबॉल में तुर्किये को उसी के मैदान पर 4-1 से करारी शिकस्त दी। मैनसिनी के कार्यभार संभालने के बाद यह टीम का दूसरा मुकाबला था और लंबे समय बाद इटली का प्रदर्शन इतना प्रभावशाली नजर आया। इससे पहले शुक्रवार को बेल्जियम के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 की हार में इटली की टीम संघर्ष करती दिखाई दी थी। यह हार उस निराशा के छह महीने बाद आई थी, जब इटली लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहा था।

इटली को अगले मुकाबले में कहीं ज्यादा कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। शुक्रवार को उसे फ्रांस के खिलाफ उसी की धरती पर खेलना है।

### फ्रांस ने बेल्जियम पर बनाए रखा दबदबा

*फ्रांस ने बेल्जियम पर पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और दो बार गेंद गोलपोस्ट से टकराई। लेकिन उसे जीत दिलाने के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी माइकल ओलिस के आखिरी लम्हों में किए गए गोल का इंतजार करना पड़ा। फ्रांस को किलियन एमबापे की कमी खली। वह शुक्रवार को तुर्की के खिलाफ 1-0 की जीत में गोल करने के कुछ ही देर बाद बाएं घुटने में चोट के कारण मैदान से बाहर हो गए थे।*

भाजपाध्यक्ष नवीन ने भाजपा प्रभारियों की बैठक में दी हिदायतें

# दिल्ली के चक्कर छोड़कर जमीन पर उतरें सभी पदाधिकारी और मोर्चा प्रभारी व अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं, 4 घंटे तक चला मंथन

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक में अध्यक्ष ने सभी को दिया जीत का मंत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पार्टी के पदाधिकारियों और मोर्चा प्रभारियों की करीब चार घंटे तक चली संगठनात्मक बैठक हुई । बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों और मोर्चा प्रभारियों को उनके प्रदेशों के हिसाब से अहम जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में सभी 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पदाधिकारी और प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में करीब 65 प्रभारी और सह-प्रभारी शामिल हुए। बैठक में नवीन की ओर से पदाधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि जिस प्रदेश की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, वहां लगातार दौरे करें। व्यक्ति विशेष से ज्यादा पार्टी के हित और संगठन की नीति के अनुसार काम करने पर जोर दिया।

### अब मथुरा में होगी बैठक

भाजपा 3 और 4 अक्टूबर को मथुरा में भी संगठन से जुड़ी एक बैठक की तैयारी कर रही है। इस बैठक में वरिष्ठ नेताओं के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें

नवीन ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारियों और सह-प्रभारियों को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और अपने-अपने राज्यों में अधिक समय देने का निर्देश दिया है. उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि राज्य की जिम्मेदारी संभालने वाले पदाधिकारी अपने क्षेत्र में रहकर संगठन के काम पर ध्यान केंद्रित करें और अनावश्यक रूप से दिल्ली के दौरे न करें।

### बूथ स्तर तक बैठकें आयोजित करें और उसे मजबूत बनाएं

चुनावी राज्यों को लेकर भी संगठन ने पदाधिकारियों और प्रभारियों को लगातार दौरे करने के निर्देश दिए हैं। बूथ स्तर तक बैठकें लगातार आयोजित करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। युवाओं से संवाद बढ़ाने के लिए सभी 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पार्टी कार्यक्रम आयोजित करने तथा इन कार्यक्रमों का फीडबैक लगातार देने को कहा।

### सभी से लगातार संवाद करते रहें

प्रभारियों और सह-प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं से संवाद करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अब 3 महीने से कम का समय बचा है, ऐसे में पदाधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहने और कार्यकर्ताओं की बात सुनने को कहा गया है। बैठक में संगठन को मजबूत करने,चुनावों की तैयारियों और विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर चर्चा की।

**प्रभारियों की नियुक्ति के बाद पहली बैठक**

दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत भी बैठक में मौजूद थीं। उन्होंने हरियाणा और छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी स्मृति ईरानी को सौंपी थी। तमिलनाडु और उत्तराखंड का प्रभार राम माधव को दिया गया था। नवीन ने अलग राज्यों में संगठन से जुड़ी बैठकें भी की हैं। यह नियुक्ति के बाद पहली बैठक थी।

---

**खबर संक्षेप**

### मुंबई जा रही प्लेन की लैंडिंग टली, सूरत डायवर्ट

**मुंबई।** दिल्ली से मुंबई जा रही इंडिगो 6ई 864 खराब मौसम और टर्बुलेंस के कारण मुंबई में निर्धारित समय पर लैंड नहीं कर सकी। विमान को शाम करीब 5:45 बजे मुंबई पहुंचना था, लेकिन मौसम की स्थिति खराब होने के चलते लैंडिंग में देरी हुई। पायलट ने मुंबई एयरपोर्ट पर विमान उतारने की कोशिश की, लेकिन तेज टर्बुलेंस के कारण सूरत में उतारा।

### 9 साल बाद फिर कांग्रेस में शामिल होंगे वाघेला!

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव 2027 से पहले राज्य के राजनीतिक गलियारों से एक बहुत बड़ी खबर है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रजा शक्ति डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख शंकरसिंह वाघेला 9 साल बाद एक बार फिर कांग्रेस में वापसी कर सकते हैं। गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने पुष्टि की है।

### झांसी में हादसाः एक को बचाने के फेर में 5 डूबे

**झांसी।** जिले में मऊरानीपुर क्षेत्र के अंतर्गत देवरी सिंहपुरा गांव के पास सुखनई नदी में मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। ताऊ के श्राद्ध के बाद नदी में तिलांजलि देने गए एक ही परिवार के5 लोग नदी के गहरे पानी में डूब गए। गोताखोरों की मदद से पांचों शवों को बाहर निकाला गया। डॉक्टर्स ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

### हाईकोर्ट पहुंचा एलपीयू मामला, सुनवाई आज

**फगवाड़ा।** यहां स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हुई हिंसा का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट पहुंच गया है। विश्वविद्यालय परिसर में 27 सितंबर को हुई हिंसक घटना की सीबीआईसे जांच कराने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका एक छात्र ने दाखिल की है।

---

एसआईआर पर रार के बीच स्मृति ईरानी का कांग्रेस पर पलटवार

# अवैध नाम हटाने का विरोध कर रही कांग्रेस क्या कर्नाटक, पंजाब व हिमाचल में सही था?

## एसआईआर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज है। भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर चुनाव आयोग को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करता है और दुनिया के कई देशों में भारतीय लोकतंत्र की इस व्यवस्था का सम्मान किया जाता है। ईरानी ने कहा कि कांग्रेस को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। पार्टी को अपनी चुनावी हार की समीक्षा करनी चाहिए, लेकिनवह चुनाव आयोग पर सवाल उठा रही है। ईरानी ने मतदाता सूची में डुप्लीकेट और मृत लोगों के नाम होने के मुद्दे पर भी कांग्रेस से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अगर किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में 2 जगह दर्ज है या किसी मृत व्यक्ति का नाम अभी भी सूची में मौजूद है, तो कांग्रेस ऐसे नामों को हटाने का विरोध क्यों कर रही है? मतदाता सूची को सही और अपडेट रखना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

**कांग्रेस के आरोप निराधार**

क्या मृत और 2 स्थानों पर दर्ज नाम न हटाए जाएं?

### आज जनता कांग्रेस का समर्थन नहीं करती

ईरानी ने कहा कि आज कांग्रेस के नेतृत्व ने कहा कि चुनाव आयोग को प्रश्नों के दायरे में लाने के लिए उनके कार्यकर्ताओं का महिमा मंडन उनकी व्यवस्था के माध्यम से हुआ। मैं कहना चाहती हूं कि चुनाव आयोग भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करता है। आज जनता कांग्रेस का समर्थन नहीं करती।

### केरल और अन्य राज्यों में चुनाव आयोग सही रहा

ईरानी ने कांग्रेस से यह भी पूछा कि जिन राज्यों में भाजपा सत्ता में नहीं है, वहां चुनाव आयोग की गतिविधियों को लेकर कांग्रेस का रुख क्या है? उन्होंने हिमाचल प्रदेश, पंजाब, केरल और कर्नाटक का उदाहरण देते हुए सवाल किया कि क्या कांग्रेस इन राज्यों में चुनाव आयोग को क्लीन चिट देती है या वहां भी आयोग के कामकाज पर सवाल उठाती है। यह स्पष्टीकरण भी दे।

### लाहौर अधिवेशन के हवाले पर भी कांग्रेस को घेरा

ईरानी ने कांग्रेस द्वारा लाहौर कांग्रेस अधिवेशन का हवाला दिए जाने पर भी निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के इतिहास और उसके गठन को लेकर सवाल किए।

**मांझी का बड़ा बयान**

### आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त ही सर्वेसर्वा

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि सीईसीने जब एसआईआर को लेकर अपना निर्णय सुना दिया तो नहीं उठता है। मांझी पटना में मीडिया से बात कर रहे थे। उनसे सीडब्ल्यूसी की बैठक को लेकर सवाल किया गया कि इसमें ज्ञानेश के हटाने को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। मांझी ने कहा कि हटाने के लिए मीटिंग हो रही है ये हम कैसे कहें आप कैसे जाने? मांझी ने कहा कि आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त सर्वेसर्वा होता है।

**एसआईआर विवाद के बीच कांग्रेस के ही चिदंबरम ने सुनाई खरी-खरी**

## इससे चुनाव नतीजे मान लेना उचित नहीं, विजय सरकार इससे नहीं बनी

पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम का कहना है कि यह नहीं कहा जाता सकता कि तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके ने वोट चोरी की वजह से सरकार बनाई थी। तमिलनाडु के शिवगंगा में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान चिदंबरम ने मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में एसआईआर हुआ था। 13.30 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि बंगाल में तो एसआईआर से हटाए जाने वाले 22 लाख लोगों ने अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि बची हुई अपीलों पर इस गति से तो 15 सालों में फैसला हो सकेगा। इस अवधि में तो 3 विधानसभा चुनाव होंगे और इतने ही लोकसभा इलेक्शन हो जाएंगे। लेकिन ये लोग किसी भी चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कहना सही नहीं होगा कि टीवीके की जीत और डीएमके की हार सिर्फ वोट चोरी या मतदाता सूची में गड़बड़ी की वजह से हुई। उन्होंने यह भी कहा कि इन गड़बड़ियों के आधार पर पूरे चुनाव नतीजे को तय मान लेना उचित नहीं है।

---

ईडी ने धनशोधन मामले में की बड़ी कार्रवाई

# बंगाल के पूर्व मंत्री इंद्रनील के 15 परिसरों पर की गई छापेमारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दुर्गा पूजा के 'प्रीव्यू शो' आयोजित करने और पास बेचने में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन और दूसरे आरोपियों से जुड़े 15 ठिकानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह छापेमारी तड़के शुरू हुई और कोलकाता तथा आसपास के इलाकों में स्थित ठिकानों पर छापे मारे गए। जांच का केंद्र महानिर्वाण रोड मास आर्ट सोसाइटी (मासआर्ट) रहा, जिसकी प्रमुख सेन की पत्नी हैं। यह संस्था आगंतुकों के लिए दुर्गा पूजा 'प्रीव्यू शो' आयोजित करती रही है। आरोप हैं कि 'प्रीव्यू' कार्यक्रमों और पास के जरिए भारी धनराशि एकत्र की गई। ईडी यह जांच कर रही है कि क्या इस धन का कोई हिस्सा निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया।

### संबंधितों की जांच हो रही

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी संस्था के स्वामित्व और प्रबंधन, धन के लेन-देन और प्रभावशाली लोगों के साथ संभावित संबंधों की भी जांच कर रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ता इस आरोप की जांच कर रहे हैं कि 'प्रीव्यू शो' के जरिए करीब 50 से 60 करोड़ रुपये जुटाए गए। यह मामला जून में सामने आया था। वर्ष 2021 में यूनेस्को ने कोलकाता की दुर्गा पूजा को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का दर्जा दिया था। सेन इससे पहले खुद पर लगे आरोपों को खारिज कर चुके हैं। मासआर्ट की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक मामलाः ईडी ने हरियाणा और पंजाब में आभूषण दुकानों पर भी छापे मारे

**चंडीगढ़।** ईडी ने हरियाणा सरकार से जुड़े बैंक खातों, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में खुलवाए गए खातों से कथित तौर पर 645 करोड़ के गबन से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत हरियाणा और पंजाब में कुछ आभूषण दुकानों के खिलाफ मंगलवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, पंजाब के मोहाली और हरियाणा के पंचकूला में करीब 14 ठिकानों पर छापेमारी की गई। कथित तौर पर गबन किए गए सरकारी धन को कई आभूषण कारोबारियों के बैंक खातों के जरिए भेजा गया और अलग लेन-देन के रूप में दिखाया गया। आरोपियों के साथ मिलीभगत कर ये लेन-देन किए गए।

---

यवतमाल में डॉ. भागवत ने कहा

## विकास का उद्देश्य 'सभी का' कल्याण हो, असमानता न हो

एजेंसी ▶▶ यवतमाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास के केंद्र में समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण होना चाहिए और विकास के उच्चतम एवं निम्नतम स्तरों के बीच का अंतर कम से कम होना चाहिए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि 'अंत्योदय' की अवधारणा का मूल अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी अधिक से अधिक सुखी रहे। भागवत ने कहा कि देश सुखी हो, इसके लिए समाज के अंतिम व्यक्ति का सुखी होना आवश्यक है, इसी को अंत्योदय कहा जाता है। विकास का अर्थ यह नहीं हो सकता कि हर कोई एक ही स्तर पर पहुंच जाए, लेकिन असमानता को न्यूनतम किया जाना चाहिए।

राष्ट्रपति ने बच्चों से मुलाकात की

## बातें की, मिसाइलमैन की तरह सपने पूरे करने का दिया मंत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल इंटीग्रेशन टूर के तहत सिक्किम के गंगटोक और अरुणाचल प्रदेश के तवांग स्थित ल्हो गोम्पा के छात्रों के समूहों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने एक्स पर बच्चों के साथ मुलाकात की तस्वीरें पोस्ट कीं। दो जगहों से आए छात्र अपने 'राष्ट्रीय एकता दौरे' के दौरान राष्ट्रपति भवन गए थे और उन्हें राष्ट्रपति से बातचीत करने का मौका मिला। इस बातचीत से छात्रों को राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का अवसर मिला। राष्ट्रपति ने भी पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की तरह ही सपने देखने और पूरा करने की नसीहत दी। राष्ट्रपति ने उन्हें बड़े सपने देखने, पूरे संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों को पाने और देश की प्रगति व विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

तेलंगाना सीएम रेड्डी के बयान पर बवाल

भाजपा का पलटवार

## राम अमीरों के, शिव गरीबों के प्रभु हर हर महादेव का नारा क्यों नहीं लगाते?

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद/ नई दिल्ली

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बयान से सियासी विवाद खड़ा हो गया है। दिल्ली में कार्यक्रम में रेड्डी ने भाजपा की ओर से बार-बार लगाए जाने वाले 'जय श्री राम' के नारे पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री और भाजपा के अन्य नेता 'हर हर महादेव' का नारा क्यों नहीं लगाते? भाजपा ने राम को चुरा लिया। रेड्डी ने शिव को 'गरीबों का भगवान और राम को 'अमीरों का भगवान' बताया। राजनीतिक संस्कृतियों और सामाजिक पहचान में व्यापक अंतर होने का दावा करते हुए रेड्डी ने यह टिप्पणी की।

### हिंदुओं को बांटने कि विफल साजिश की जा रहीः भंडारी

रेड्डी के बयान पर भाजपा ने तीखा पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी के निर्देश पर इस तरह की बयानबाजी की जा रही। राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि रेड्डी की टिप्पणी का मकसद हिंदुओं को बांटना है और यह कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा है। भंडारी ने कांग्रेस को आधुनिक मुस्लिम लीग कांग्रेस भी बताया और दावा किया कि उसके नेता भगवान राम और शिव के अनुयायियों के बीच हिंदुओं को बांटने की अपनी कथित साजिश में सफल नहीं होंगे।

---

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में अध्यक्ष खरगे ने सरकार पर साधा निशाना

# नोटबंदी से अर्थव्यवस्था, वोटबंदी से लोकतंत्र खत्म कर रहे

## कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान को बचाने की जिम्मेदारी निभा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस ने सरकार के सामने पांच मांगे रखी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसमें केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। खरगे ने लिखा कि कांग्रेस के कंधों पर अंग्रेजी राज की तरह एक बार फिर भारत के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की जिम्मेदारी है। खरपे ने लिखा, हमारे पुरखों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी थी, उसे मोदी सरकार ने 12 वर्षों में षड्यंत्रकारी तरीके से खोखला कर दिया है। खरगे ने कहा कि साजिश के तहत लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त सरकार की कठपुतली बन गए हैं।

### कांग्रेस की 5 मांगें

- मतदाता सूची में होने वाले हर बड़े बदलाव का पूरा डेटा सार्वजनिक हो
- जिन वोटरों के नाम हटाए गए हैं, उन्हें अपील का अवसर मिले
- दलों को मतदाता सूची और डेटा आसान फॉर्मेट में समय पर उपलब्ध हो
- विसंगतियों के प्रमाण सामने आएं, वहां स्वतंत्र और समयबद्ध जांच हो
- पारदर्शिता हो कि किसी को कहने का अवसर न मिले।

### संस्थाएं सत्ता के आगे सिर झुकाएं खड़ी

खरगे ने कहा कि सीईसी पर उनके अपने साथी भरोसा नहीं कर रहे, उन पर देश कैसे भरोसा कर सकता है? खरगे ने आरोप लगाया कि चुपचाप फॉर्म 6 के नियमों में बदलाव करवा दिया गया, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। नौकरी तो दी नहीं और अब वोट का अधिकार भी छीनना चाहते हैं।

**हम वोट के हक को बचाएंगे**

खरगे ने कहा कि जिस तरह अंग्रेजों से लड़कर वोट का हक छीना, उसी तरह आज भी उसी हक को बचाने के लिए लड़ना पड़ रहा है। बाबा साहेब ने कहा था कि किसी अफसर की मर्जी से मतदाताओं का नाम नहीं कटेगा। आज सरकार के इशारे पर मनमर्जी से नाम काट रहे हैं।

### लोकतंत्र में सबसे शक्तिशाली मतदाता

खरगे ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत के मतदाताओं को यह भरोसा होना चाहिए कि उनका वोट सुरक्षित है। हम इस मुद्दे को किसी चुनाव को जीतने या हारने की लड़ाई के रूप में नहीं देखते। चुनाव तो आते जाते रहते हैं, सरकारें आती-जाती हैं, लेकिन लोकतंत्र और संविधान स्थायी हैं। यही भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद है।

---

शिवराज ने रबी अभियान शुरू किया

## जलवायु-अनुकूल कृषि रोडमैप और 'जल बजट' पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को दिल्ली में 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन–रबी अभियान 2026' का उद्घाटन करते हुए कहा कि पुराने तरीकों की जगह डेटा-आधारित योजना और केंद्र-राज्य साझेदारी से ही खाद्य सुरक्षा तथा किसान आय के लक्ष्य पूरे होंगे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित बारिश और पानी की कमी जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया। के. सुब्रमण्यम सभागार, पूसा में 2 दिनी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने राज्यों से स्पष्ट तालमेल, वैज्ञानिक योजना और जमीनी निगरानी के साथ रबी सीजन की तैयारियां पूरी करने का आग्रह किया। उन्होंने 'जल बजट' को रबी तैयारियों का अहम पैरामीटर बताया। हर राज्य और जिले को उपलब्ध सिंचाई जल का आकलन करना होगा।कम पानी मांगने वाली फसलों को प्राथमिकता दी जाए।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415